

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 156

ग्वालियर, बुधवार, 23 फरवरी, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.



# यूनियन ऑफ स्टेट पर हमला कर रही है बीजेपी: राहुल गांधी

## झारखण्ड कांग्रेस के तीन दिवसीय चिंतन शिविर के अंतिम दिन वर्चुअली जुड़े राहुल गांधी

**गिरीडीह।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि बीजेपी यूनियन ऑफ स्टेट पर हमला कर रही है। राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी किसी आदिवासी की जमीन छिनती है, किसी गरीब से मनरेगा छिनती है, किसी मुस्लिम को डराती है, मतलब साफ है कि बीजेपी यूनियन ऑफ स्टेट पर हमला कर रही है। जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र सम्मेदशिखर मधुबन में चल रहे झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस पार्टी की चिंतन शिविर के तीसरे और अंतिम दिन मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने वर्चुअली जुड़ कर पार्टी कार्यकर्ताओं में जोरदार तरीके से जान फूंकते हुए कहा कि झारखंड में कांग्रेस काफी मजबूत स्थिति में है। झारखंड के पास एक बड़ा अवसर है कि हम देश को दिखाएं कि हमारी सरकार गरीबी, छोटे व्यपारियों को मदद पहुंचा सकती है। उन्होंने कहा कि बीजेपी और आरएसएस चाहती है कि झारखंड के ऊपर नागपुर की विचारधारा थोपी जाये। लेकिन हम चाहते हैं कि झारखंड की शैक्षिक संस्थान में हर धर्म के युवा की आवाज शामिल हो। इसी विचारधारा को हम दिल्ली में भी जोड़े। क्योंकि कांग्रेस पार्टी यूनियन ऑफ स्टेट





की रक्षा करने पर भरोसा रखना चाहती है। अपने सम्बोधन में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने कांग्रेस कोटे के मंत्रियों और पीसीसी अध्यक्ष को कड़ी नसीहत देते हुए कहा कि वे यह नहीं भूले कि उन्हें मंत्रिमंडल में कार्यकर्ताओं ने शामिल कराया है। उनकी कुर्सी स्थायी नहीं है। कार्यकर्ता यदि चाहें तो उन्हें मंत्रिमंडल से बाहर का भी रास्ता दिखा सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि कार्यकर्ता को वे नजरअंदाज नहीं करें। कहा कि कार्यकर्ताओं को यह पता चलता रहे कि झारखंड में कांग्रेस पार्टी की सरकार है। उन्होंने प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, सह प्रभारी उमंग सिंघार, पीसीसी अध्यक्ष को निर्देश देते हुए कहा कि वे देखे की जिन कार्यकर्ताओं ने पार्टी की मजबूती में अहम रोल निभाया है, उन्हें उचित जगह मिले। राहुल गांधी ने कहा कि उनका पूरा समर्थन कार्यकर्ताओं के साथ हैं। जब भी कांग्रेस कार्यकर्ता उनसे मिलना चाहते हैं, उन्हें झारखंड बुलाना चाहते हैं, वे तैयार है। लेकिन कार्यकर्ताओं को एक बातों पर किसी तरह का समझौता नहीं करना चाहिए। यह कि यह देश किसी एक व्यक्ति का नहीं है। दो तीन उद्योगपतियों का नहीं है। यह देश गरीब, दलित और सभी धर्मों का है।

## 'संस्कार बनाम गुंडाराज' के बीच है इस बार का चुनाव : स्मृति ईरानी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सात चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के तीन चरण बीत चुके हैं। चौथे चरण में बुधवार को मतदान किया जाएगा। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने प्रयागराज में चुनाव



प्रचार करते हुए अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। स्मृति ईरानी ने कहा इस बार का उत्तर प्रदेश चुनाव संस्कार बनाम गुंडाराज पर केंद्रित है। चौथे चरण में राज्य के 9 जिलों के 59 विधानसभा क्षेत्रों में 23 फरवरी को मतदान होगा। चौथे चरण में कुल 624 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि संस्कारों में फर्क देखिए। एक तरफ सपा के वरिष्ठ को मंच से धकेला जाता है, तो वहीं दूसरी ओर भाजपा में एक बेटा उम्मीदवार बनकर अपने पिता के सामने नतमस्तक होता है। स्मृति ईरानी ने भाजपा में एक बेटा के रूप में हर्षवर्धन वाजपेयी जो जोड़ा। संगम नगरी प्रयागराज की पावन भूमि पर उन्होंने इलाहाबाद दक्षिण व इलाहाबाद उत्तर विधानसभा में जनसभाओं को संबोधित किया।

## कांग्रेस, सपा और भाजपा ने दबे-कुचले वर्गों के उत्थान के लिए कोई काम नहीं किया : मायावती

**बहराइच।** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने भाजपा, सपा और कांग्रेस को दलितों और पिछड़ों की विरोधी करार देकर दावा किया कि इन तीनों ही पार्टियों ने समाज के दबे-कुचले वर्गों के उत्थान के लिए कोई



काम नहीं किया। मायावती ने कांग्रेस पर निशाना साधकर मायावती ने कहा कि कांग्रेस दलितों और आदिवासियों के हितों का सिर्फ नाटक करती रही है और अपनी गलत नीतियों के कारण कांग्रेस आज देश और कई राज्यों से सत्ता से बाहर हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने बाबा साहेब (भीमराव आंबेडकर) को भारत रत्न नहीं दिया, जबकि उनके मिशन को आगे बढ़ाने वाले कांशीराम के निधन पर राष्ट्रीय शोक करने से परहेज किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने मंडल आयोग की सिफारिशों को भी लागू नहीं किया था। इस मौके पर सपा पर कड़ा प्रहार करते हुए मायावती ने कहा, सपा सरकार में दंगाइयों और गुंडों का बोलबाला रहा। सपा एक विशेष क्षेत्र और विशेष समुदाय के लिए काम करती है।'' उन्होंने कहा कि सपा सरकार में दंगों के चलते तनाव की स्थिति बनी रहती है और उसने दलित बिरादरी के महापुरुषों के नाम पर बनी शैक्षिक संस्थाओं एवं जिलों के नाम बदल दिए थे।वहीं मायावती ने कहा केंद्र और उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधकर कहा कि भाजपा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इशारे पर चलने वाली पार्टी है।

# अमेरिका की घुड़की नजरअंदाज कर पूर्वी यूक्रेन में रूस ने भेजे सैनिक

**मॉस्को।** यूक्रेन-रूस के लगातार बढ़ते टकराव के चलते पूरी दुनिया की पेशानी पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं। इस बीच अमेरिका की घुड़की को नजरअंदाज कर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मॉस्को समर्थित क्षेत्रों की स्वतंत्रता को मान्यता देने वाले फरमानों पर हस्ताक्षर करने के कुछ ही घंटों बाद पूर्वी यूक्रेन के अलगाववादियों के कब्जे वाले हिस्सों में सैनिकों को भेजने का आदेश दिया है। रूस के रक्षा मंत्री क्रेमलिन ने इसे शांति व्यवस्था मिशन का नाम दिया है, लेकिन अमेरिका सहित कई अन्य देशों ने यूक्रेन पर हमले की आशंका जताई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कई अमेरिकी और पश्चिमी अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि रूस का यह कमद यूक्रेन के खिलाफ एक बड़े सैन्य अभियान की शुरुआत हो सकती है। सोमवार रात एक भाषण में पुतिन ने पश्चिम के साथ कीव के बढ़ते सुरक्षा संबंधों की आलोचना की। साथ ही यूएसएसआर के इतिहास और यूक्रेनी समाजवादी सोवियत गणराज्य के गठन के बारे में लंबी टिप्पणियों में यूक्रेन के आत्मनिर्णय के अधिकार पर संदेह व्यक्त किया। उन्होंने देश के पूर्वी हिस्से को प्राचीन रूसी भूमि कहते हुए कहा, यूक्रेन की कभी भी अपने राज्य की परंपरा नहीं रही है।



पुतिन के फरमानों ने पूर्वी यूक्रेन के डोनबास क्षेत्र में दो अलग-अलग क्षेत्रों डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक और लुहान्स्क पीपुल्स रिपब्लिक (डीपीआर और एलपीआर) पर मास्को की आधिकारिक मान्यता से अवगत कराया। फरमानों ने उन्हें स्वतंत्र राज्यों के रूप में मान्यता दी और रूसी सैनिकों के साथ उनकी सुरक्षा की गारंटी दी। फरमानों में कहा गया है कि रूसी तथाकथित शांति सेना को क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। अमेरिकी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पुतिन का भाषण रूसी लोगों के लिए युद्ध को सही ठहराने के लिए था। यह एक संप्रभु और स्वतंत्र यूक्रेन के विचार पर हमला है। अधिकारी ने कहा, एक और रूसी आक्रमण और कब्जे की मानवीय लागत विनाशकारी होगी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने मंगलवार तड़के राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि रूस की कार्रवाई देश की राष्ट्रीय अखंडता और संप्रभुता का उल्लंघन करती है और यूक्रेन की अंतर्राष्ट्रीय सीमाएं ऐसी ही रहेंगी। ज़ेलेंस्की ने अपने वीडियो संबोधन में कहा, हम अपनी जमीन पर हैं। हम किसी से डरते नहीं हैं।

### पुतिन को लेकर टीवी डिबेट में भिड़े सांसद और पत्रकार, दोनों के बीच खूब मारपीट

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी विवाद का असर टीवी चैनलों पर भी देखने को मिल रहा है। कुछ दिनों पहले यूक्रेन में न्यूज चैनल पर टीवी कार्यक्रम के दौरान पत्रकार और रूस समर्थक राजनेता के बीच झगड़ा हो गया। पुतिन पर आयोजित डिबेट के दौरान पत्रकार ने राजनेता के चेहरे पर मुक्का मार दिया जिसके बाद दोनों में मारपीट शुरू हो गई। यह झगड़ा रूस समर्थक पार्टी के सांसद नेस्टर शुफीच और पत्रकार यूरी बुटुसोव के बीच हुआ। संभावित हमले के लिए रूसी सैनिकों को सीमा पर इकट्ठा करने के लिए पुतिन की निंदा करने से इनकार करने के बाद डिबेट में शामिल राजनेता के साथी गेस्ट ने उन पर हमला कर दिया। बुटुसोव चलकर शुफीच के पास आए और उनके चेहरे पर मुक्के मारकर उनका चेहरा लहूलुहान कर दिया। पूर्व प्रधानमंत्री आर्सेनी यात्सेन्युक और पूर्व राष्ट्रपति पेट्रो पोरोशेंको इस घटना को देख रहे थे।

## यूक्रेन संकट: चिंता में भारतीय छात्र और परिजन



**नई दिल्ली।** यूक्रेन में करीब 20 हजार भारतीय छात्र पढ़ते हैं. यूक्रेन पर मंडराते युद्ध के बादलों के बीच छात्र और उनके परिवार चिंतित हैं.पिछले साल दिसंबर में मोहम्मद फैजल खान मेडिकल की पढ़ाई के लिए यूक्रेन गए थे, लेकिन रूस और यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव के कारण उनके जैसे हजारों भारतीय छात्रों की पढ़ाई पर असर पड़ता दिख रहा है. सोमवार को जब रूस ने पूर्वी यूक्रेन के दो क्षेत्रों की मान्यता का आदेश जारी किया तो उसके बाद फैजल के परिवार ने फोन पर अपने बेटे का हालचाल लिया. फैजल यूक्रेन के इवानो फ्रांकिस्क स्थित नैशनल मेडिकल यूनिवर्सिटी में प्रथम वर्ष के छात्र हैं. फैजल की मां सायरा खान ने डीडब्ल्यू से बातचीत में कहा कि जिस तरह से रूस और यूक्रेन के बीच तनाव बढ़ रहा है उससे उन्हें अपने बेटे की चिंता सता रही है. फैजल के ही कॉलेज में पिछले साल दिसंबर में भारत से करीब 130-140 छात्रों ने मेडिकल की पढ़ाई के लिए दाखिला लिया था. सायरा कहती हैं, ÷रूस और यूक्रेन के बीच विवाद बढ़ने की वजह से बच्चों में भय तो है ही हम भी चिंतित हैं. हम रोज उन्हें वीडियो कॉल या व्हॉट्सऐप कॉल करके उनका हाल जानने की कोशिश करते हैं, और उन्हें दिलासा देते हैं कि सबकुछ ठीक होगा. यूनिवर्सिटी ने छात्रों से कहा है कि हमने ऑनलाइन पढ़ाई शुरू कर दी है और जो बच्चे अपने देश लौटना चाहें वे जा सकते हैं÷ सायरा कहती हैं बच्चे आना भी चाहें तो फ्लाइट उपलब्ध नहीं है और यहां आने पर उनकी पढ़ाई पर भी असर पड़ेगा. इस बीच भारत ने मंगलवार को यूक्रेन में फंसे भारतीय नागरिकों के लिए विशेष फ्लाइट्स की घोषणा की. मंगलवार को एयर इंडिया का विशेष विमान यूक्रेन के लिए रवाना हुआ, वह मंगलवार की रात यूक्रेन पहुंचेगा. इसके बाद दो और फ्लाइट्स यूक्रेन के लिए 24 और 26 फरवरी को रवाना होगी, जो यूक्रेन में फंसे छात्रों और नागरिकों को लेकर आएगी।

## खास खबर

### शराब पीकर बार बालाओं के साथ लगाए ठुमके, थानाध्यक्ष सस्पेड

**पटना।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है। नीतिश सरकार की ओर से लागू किए गए कानून का पालन करने और आम लोगों से करवाने की जिम्मेदारी पुलिस के कंधों पर है। लेकिन यदा-कदा पुलिस वाले ही हाथों में जाम दिख जाते हैं। इनकी अश्लील हरकतों वाले वीडियो भी सामने आते रहते हैं। इसी कड़ी में सहरसा सदर थाना के थानाध्यक्ष को भी शराब और बार बालाओं के साथ मस्ती के पल गुजारने का खामियाजा अपना पद गंवाकर भुगतना पड़ा। दरअसल सदर थानाध्यक्ष जयशंकर प्रसाद की तस्वीर वायरल हुई। जिसमें वे कहीं समुद्र के किनारे बैठकर शराब पी रहे हैं। इतना ही नहीं, बार बालाओं के साथ ठुमका लगाते हुए भी पुलिस अधिकारी का लंबा वीडियो सामने आया। जिसके बाद एसपी लिपि सिंह ने इसे कर्तव्यहीनता व अनुसाशनहीनता बताकर थानाध्यक्ष जयशंकर प्रसाद को तत्काल सस्पेंड करते लाइन हाजिर कर दिया है। उन्होंने एसडीपीओ को वायरल तस्वीर व वीडियो की जांच करने का आदेश दिया है।

### पन्ना की रत्नगर्भा खदान ने उगला 26.11 कैरेट का कीमती हीरा, कीमत 1.2 करोड़ रुपए

**पन्ना।** मध्य प्रदेश की रत्नगर्भा धरती में पन्ना जिले की खदान में खनन के दौरान बेशकीमती हीरा मिला है। जानकारी के अनुसार छोटे पैमाने पर ईंट भट्ठा व्यवसाय चलाने वाले एक शख्स को एक उथली खदान में 26.11 कैरेट का हीरा मिला है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पन्ना के हीरा अधिकारी रवि पटेल ने कहा कि नीलामी में कीमती पत्थर 1.20 करोड़ तक मिल सकता है। अधिकारी ने बताया, कि पन्ना कस्बे के किशोरगंज निवासी सुशील शुक्ला और उसके साथियों को सोमवार को हीरा कृष्णा कल्याणपुर इलाके के पास स्थित खदान में मिला। उन्होंने कहा, कि हीरे को एक दो दिनों में नीलामी के लिए रखा जाएगा और इससे होने वाली आय सरकारी रॉयल्टी और करों की कटौती के बाद खनिक को दी जाएगी। किराए की जमीन पर छोटे पैमाने पर ईंट भट्ठा व्यवसाय चलाने वाले सुशील शुक्ला ने संवाददाताओं से कहा, कि वह और उनका परिवार भी पिछले 20 वर्षों से हीरा खनन कार्य में शामिल थे, लेकिन यह पहली बार था जब उन्हें इतना बड़ा रत्न मिला है। शख्स ने कहा, कि उसने उथली खदान, जहां हीरा मिला था, 5 भागीदारों के साथ लीज पर ली थी। सुशील शुक्ला ने आशा व्यक्त करते हुए कहा, कि रत्न से 1.2 करोड़ से अधिक की आय होगी, उन्होंने कहा, ÷मैं हीरे की नीलामी के बाद मिलने वाले धन का उपयोग व्यवसाय स्थापित करने में करूंगा।÷ राज्य की राजधानी भोपाल से 380 किमी दूर स्थित पन्ना जिले में अधिकारियों के अनुसार, भंडार में 12 लाख कैरेट के हीरे होने का अनुमान है।

### भाजपा का आरोप, अखिलेश के चार यार, गुंडे, आतंकी, माफिया और भ्रष्टाचार

**लखनऊ।** उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस बीच भाजपा ने फिर से आतंकवाद को लेकर अखिलेश पर जबरदस्त तरीके से प्रहार किया है। उत्तर प्रदेश में भाजपा के सह प्रभारी और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सपा और अखिलेश यादव पर बड़ा आरोप लगाया। साथ ही अनुराग ने नारा देकर कहा कि अखिलेश के चार यार, गुंडे, आतंकी, माफिया और भ्रष्टाचार। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा अखिलेश से इन चार चरणों के मतदान के दौरान कई सवाल पूछे हैं, उनकी पार्टी के उम्मीदवारों की सूची में जेल वाले जमानत वाले लोग हैं लेकिन वे उन पर पूरी तरह से चुप हैं। अनुराग ने दावा किया कि रंगेश-अखिलेश का खेल फिर देश के सामने आया है, आतंकी और अखिलेश का कनेक्शन सामने आया है, जेल-बेल और ?अखिलेश का कनेक्शन सामने आया है, दलित बेटी का अपहरण और अखिलेश की पार्टी के नेता का खेल भी सामने नजर आया है। इससे पहले योगी ने अखिलेश यादव पर हमला करते हुए कहा कि जिन आतंकवादियों ने अयोध्या में राम मंदिर पर हमला किया था सपा ने सत्ता में आने के बाद सबसे पहले उन आतंकवादियों पर दर्ज मकुदमों को वापस लेने का शर्मनाक काम किया था।

## अफगानिस्तान के लिए भारत से 2500 मीट्रिक टन गेंहू के पहली खेप रवाना, अफगानी राजदूत ने जताया सरकार का आभार



**अमृतसर।** भारत के विदेश सचिव, हर्षवर्धन श्रृंगला ने अफगानिस्तान को 50 हजार मीट्रिक टन गेहूं की पहली खेप को झंडी दिखाकर रवाना किया। अमृतसर में आयोजित एक समारोह में अफगान राजदूत फरीद ममुंडजे और भारत के विश्व खाद्य कार्यक्रम के निदेशक बिशॉ परजुली मौजूद थे। अफगान के लोगों के लिए गेंहू की पहली खेप के रूप में 50 ट्रकों के जरिए 2500 मीट्रिक टन गेहू रवाना किया गया है। समारोह में मौजूद अफगानी राजदूत ने गंभीर खाद्य समस्या का सामना कर रहे अफगानों की मदद के लिए भारतीय सरकार का आभार वयक्त किया है। उन्होंने बताया कि एक महीने के दौरान करीब 50 हजार मीट्रिक टन गेहूं अफगानिस्तान पहुंचाया जाएगा। इसे खाद्य कमी का सामना कर रहे अफगान लोगों के बीच वितरित किया जाएगा। अफगानिस्तान में पहले से मौजूद समस्याओं ने अब विकराल रूप धारण कर लिया है। यहां आतंकी संगठन तालिबान द्वारा जबरन देश की सत्ता पर काबिज होने के बाद गंभीर खाद्य संकट पैदा हुआ है। अफगान की बहुत बड़ी आबादी भुखमरी के कगार पर खड़ी है।

### पीएम मोदी ने दिया मदद का आश्वासन

पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अफगानिस्तान के सिख-हिंदू प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने भविष्य की सभी कठिनाइयों और मुद्दों को हल करने के लिए निरंतर मदद का आश्वासन दिया था। वहीं पिछले दिनों भारतीय विदेश मंत्रालय के ओर से जारी एक बयान में कहा गया था कि भारत सरकार अफगान लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में पिछले शनिवार 19 फरवरी को अफगानिस्तान के लिए मानवीय सहायता की पांचवी खेप भेजी गई। इसमें करीब 2.5 टन चिकित्सा सहायता सामग्री के साथ सर्दियों के कपड़े शामिल थे।

### भारत से लगातार जारी है मानवीय सहायता

वर्चुअल साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बताया कि सरकार खाद्यान्न, कोविड वैक्सीन के साथ जरूरी दवाएं अफगान के लोगों के लिए लगातार भेज रही है। पिछले दिनों में अफगानिस्तान को 3.6 टन चिकित्सा सहायता और कोविड टीकों के पांच लाख खुराकी की आपूर्ति की गई है।

## गुरमीत राम रहीम पर खुफिया एजेंसियों ने जताई थी ड्रोन से हमले की आशंका, देनी पड़ी जेड प्लस सिक्योरिटी

**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को मिली फरलो का किसी दल को फायदा हुआ या नुकसान, यह तो हालांकि 10 मार्च को विधानसभा चुनाव नतीजों के दिन पता चलेगा, लेकिन फरलो के बाद से डेरा प्रमुख सुर्खियों में है। साध्वियों के यौनशोषण और हत्या के दो अलग-अलग मामलों में सजायाफ्ता गुरमीत राम रहीम को हाई सिक्योरिटी के साथ जेल से बाहर निकाला गया था। गुरमीत राम रहीम सिंह को तीन सप्ताह की फरलो मिली हुई है। वह सात फरवरी को रोहतक जिले की सुनारिया जेल से बाहर निकला और 28 फरवरी की शाम तक वापस जेल पहुंच जाएगा। डेरा प्रमुख की जान को खतरा मानते हुए सरकार ने उसे जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा दे दी थी। गुरमीत राम रहीम को खालिस्तान समर्थकों व सिख चरमपंथियों से



जान का खतरा बताते हुए सीआइडी चीफ ने रोहतक मंडल के आयुक्त को इस बाबत पत्र भी लिखा था। इससे पहले गुरुग्राम के डीसी की ओर से पुलिस रिपोर्ट के आधार पर फरलो को लेकर क्लीन चिट दी गई थी। गुरुग्राम के डीसी ने रोहतक के मंडलायुक्त को लिखे पत्र में कहा था कि राम रहीम को फरलो पर बाहर निकालने पर गुरुग्राम पुलिस को कोई आपत्ति नहीं है। यानी राम रहीम को फरलो पर बाहर निकालते वक्त फूलप्रूफ तैयारी की गई थी। बताया जाता है कि पिछले दिनों पंजाब के सीआइडी चीफ की ओर से भी हरियाणा सरकार को राम रहीम की सिक्योरिटी को लेकर लिखे गए पत्र में चिंता जाहिर की गई थी। उस समय राम रहीम पर हमला होने की आशंका जताई गई थी।

खुफिया एजेंसियों ने रिपोर्ट दी थी कि डेरा प्रमुख पर ड्रोन से हमला किया जा सकता है, इसलिए उसकी सुरक्षा में किसी तरह का रिस्क नहीं लिया जाना चाहिए। केंद्र की इंटेलीजेंस ब्यूरो (आइबी) की ओर से भी इस बाबत इनपुट राज्य सरकार को दिया गया था। इसके बाद ही सरकार ने राम रहीम को जेड प्लस सुरक्षा देने का फैसला लिया है। हरियाणा सरकार शुरू से ही कहती आई है कि पैरोल व फरलो पर जाने का अधिकार हर कैदी के पास है।

## सपा की आस्था आतंकवादियों के प्रति, जबकि भाजपा ने यूपी में गरीबों का कल्याण किया : योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा के चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर जबरदस्त तरीके से प्रहार किया है। अखिलेश यादव पर हमला करते हुए योगी आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि समाजवादियों की आस्था आतंकवादियों के प्रति है जबकि भाजपा ने उत्तर प्रदेश में गरीबों का कल्याण किया। योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी आतंकियों के साथ है। वे नहीं चाहते कि राज्य का विकास हो। भाजपा की डबल इंजन सरकार %राम राज्य% की स्थापना के लिए काम कर रही है। प्रदेश में भाजपा मजबूत और स्थिर सरकार देगी। उन्होंने कहा कि जिन आतंकवादियों ने



अयोध्या में राम मंदिर पर हमला किया था सपा ने सत्ता में आने के बाद सबसे पहले उन आतंकवादियों पर दर्ज़ मकुदमों को वापस लेने का शर्मनाक काम किया था। समाजवादी पार्टी का हाथ आतंकवादियों के साथ। उनकी संवेदना आतंकवादियों के प्रति हैं। योगी ने कहा कि पेशेवर माफिया 4.5 वर्षों तक बिलों के अंदर दुबके थे, चुनाव की घोषणा के बाद फिर से बाहर आकर धमकीबाज बन गए। हमने कहा कि थोड़े दिन और इनकी गर्मी रहने दो 10 मार्च के बाद सब शांत हो जाएगा। उन्होंने सवाल किया कि क्या कांग्रेस अयोध्या के राम मंदिर का निर्माण कर सकती थी क्या बसपा ऐसा कर सकती थी क्या बबुआ कर सकते थे? क्या रामभक्तों पर गोली चलाने वाले इसे बनवाएंगे क्या राम मंदिर में ताला लगाने वाले बनाएंगे इसका निर्माण कौन कर रहा है बीजेपी की डबल इंजन सरकार कर रही। योगी ने दावा किया कि जब हम अयोध्या की पांचों सीटें जितेंगे तो उत्तर प्रदेश में 325 सीटों का समर्थन भाजपा को प्राप्त होगा।

न्यूज़ ट्रैक....

## बीसीसीआई शीर्ष परिषद की बैठक अगले माह

**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की शीर्ष परिषद की बैठक अगले माह दो मार्च को होगी। इस वर्चुअल बैठक में सीके नायुडु ट्राफी के साथ ही महिला टी20 टूर्नामेंट पर फैसला किया जाएगा। कोविड-19 महामारी के कारण ही सीके नायुडु ट्राफी और महिला टी20 मुकाबले अब तक स्थगित थे पर अब हालात बेहतर होने के कारण इसके आयोजन पर फैसला होगा। इसके साथ ही इस बैठक में साल 2023 में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप की स्थानीय आयोजन समिति (एलओसी) को गठित किये जाने की भी संभावनाएं है। अंडर-25 क्रिकेटरों के लिये सीके नायुडु ट्राफी और महिलाओं का सीनियर टी20 टूर्नामेंट देश में कोविड-19 मामलों के बढ़ने के कारण पिछले महीने स्थगित कर दिये गये थे। बैठक के 14 सूत्रीय एजेंडा में इन दोनों प्रतियोगिताओं के आयोजन पर फैसला करना शामिल है क्योंकि देश में अब कोविड-19 की स्थिति में काफी सुधार आ गया है। पिछले साल महामारी के कारण भारत में टी20 विश्व कप का आयोजन नहीं हो पाया था लेकिन बीसीसीआई अगले साल आईसीसी की एक अन्य प्रतियोगिता की मेजबानी के लिये तैयार है इसके साथ ही बाइजू का भारतीय क्रिकेट टीम के प्रायोजक के तौर पर अनुबंध 31 मार्च को समाप्त हो जाएगा और इस पर भी इस बैठक में चर्चा हो सकती है।

## आईसीसी महिला विश्व कप में पूरी ताकत से उतरेंगे : लैनिंग

सिडनी । ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मेग लैनिंग ने कहा है कि उनकी टीम आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में पूरी ताकत से उतरेगी पर इसमें जीत दर्ज करना आसान नहीं रहेगा। लैनिंग ने कहा कि 2017 विश्व कप में भी हमारी उम्मीद के अनुरुप परिणाम नहीं रहे थे। लैनिंग ने हालांकि कहा कि तब से अब तक हमने अपने क्रिकेट खेलने के तरीके को बदल दिया है और हम अब बहुत अधिक सकारात्मक और खतरे लेने के लिए तैयार रहते हैं। मुझे लगता है कि यह हमारी खेल शैली के अनुकूल है। हमारी टीम ने इंग्लैंड में साल 2017 विश्व कप सेमीफाइनल में प्रवेश किया था पर भारतीय टीम की बल्लेबाज हरमनप्रीत कौर की नाबाद 171 रनों की शानदार पारी की बदौलत हमें हार का सामना करना पड़ा था। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा कि यह वह ट्रॉफी है, जिस पर अब तक हमारा कब्जा नहीं हुआ है। हम सभी इसे जीतने के पूरे प्रयास करेंगे।

## स्वदेश रवाना हुई वेस्टइंडीज टीम

**नई दिल्ली** । भारत दौरे में करारी हार के बाद मेहमान टीम वेस्टइंडीज स्वदेश रवाना हो गयी है। इंडीज टीम को अपने इस दौरे में एकदिवसीय और टी20 सीरीज के सभी मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। टीम इंडिया के कोलकाता के ईडन गार्डंस में रविवार को खेले गए सीरीज के तीसरे और अंतिम टी20 मैच को 17 रन से जीतकर सीरीज को 3-0 से क्लीन स्वीप किया है। इससे पहले भारतीय टीम ने एकदिवसीय सीरीज भी 3-0 से जीती थी।

### पाक दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम घोषित

# वनडे- टी-20 सीरीज में वार्नर, कमिंस और मैक्सवेल का नाम नहीं, 24 साल बाद पाकिस्तान जाएगी कंगारु टीम

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम 24 साल बाद पाकिस्तान का दौरा करने जा रही है। मार्च में इस सीरीज का आयोजन किया जाएगा। इस सीरीज में 3 टेस्ट, 3 वनडे और एक टी-20 मुकाबला खेला जाएगा। वनडे और टी-20 के लिए ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीम का ऐलान कर किया है। इस टीम में ऑस्ट्रेलिया के कई बड़े नाम नही हैं। डेविड वार्नर, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड को टीम में शामिल नहीं किया गया है।

ऑस्ट्रेलिया के 5 बड़े खिलाड़ी पाकिस्तान के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज से बाहर हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि ढ्ढक्क के कारण इन खिलाड़ियों को आराम दिया गया है, लेकिन, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से इन्हें 6 अप्रैल तक छुट्टी नहीं दी गई है। ऐसे में ये ढ्ढक्क 2022 के पहले हफ्ते में खेलते दिखेंगे या नहीं कहना मुश्किल है।




### ऑस्ट्रेलिया की टीम इस प्रकार है

एरोन फिंच (कप्तान), सीन एबट, एस्टन एगर, जेसन बेहरनडोर्फ, एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, ट्रेविस हेड, जोस इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन, मिचेल मार्श, बेन मैक्डरमॉट, केन रिचर्ड्सन, स्टीव स्मिथ, मार्कस स्टोइनिश, एडम जंपा

### 1998 पाक दौरे पर जाएगा ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया की टीम 1998 के बाद पाकिस्तान के दौरे पर जा रही है। आखिरी बार जब 1998 में ऑस्ट्रेलिया की टीम ने पाकिस्तान का दौरा किया था। तब मार्क टेलर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान थे। ऑस्ट्रेलिया ने 3 टेस्ट की सीरीज 1-0 से अपने नाम की थी।

### रावलपिंडी में खेले जाएंगे पांच मैच

सीरीज का पहला टेस्ट 4 मार्च से रावलपिंडी में खेला जाएगा। आखिरी दो टेस्ट कराची और लाहौर में होंगे। तीन वनडे और एक टी-20 का आयोजन रावलपिंडी में होगा। दोनों टीमों के बीच सात मैचों में से पांच मैच रावलपिंडी में खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया की टीम 27 फरवरी को इस्लामाबाद पहुंचेगी। यहां सभी खिलाड़ी एक दिन के आइसोलेशन में रहेंगे।

## श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले के लिए लखनऊ पहुंची टीम इंडिया

**मुम्बई** । टीम इंडिया श्रीलंका के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले पहले टी-20 मैच के लिए सीरीज का पहला मैच खेलने के लिए लखनऊ पहुंच गई हैं। टीम इंडिया लखनऊ पहुंचने के बाद सीधे इकाना स्टेडियम के लिए रवाना हुई। टीम इंडिया के प्रमुख बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने इसकी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर जारी की है। इसमें उनके साथ युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन भी हैं, जिसकी लिखा है , मुस्कुराए आप लखनऊ में हैं। इससे पहले सोमवार को श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज के पहले दो टी-20 मैचों के लिए अपनी टीम घोषित कर दी थी। 24 फरवरी को इकाना स्टेडियम में पहला टी-20 मैच होगा। इसके बाद दूसरा और तीसरा टी 20 आई 26 और 27 फरवरी को धर्मशाला में होगा।

### भारत टी-20 टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, ईशान किशन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुड्डा, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), भुवनेश्वर कुमार, दीपक चाहर, हर्षल पटेल, मोहम्मद सिराज, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अवेश खान।



## राज्य टेबल टेनिस स्पर्धा में प्रमोद, संतोष व रश्मि को टेटे खिताब

इन्दौर । म.प्र. टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में म.प्र. वेटरंस टेबल टेनिस कमेटी द्वारा आयोजित सत्र की पहली वेटरंस राज्य टेबल टेनिस स्पर्धा में प्रमोद सोनी, संतोष खिरवड़कर तथा रश्मि सोनी ने अपने-अपने वर्गों के खिताब जीत लिए। स्पर्धा स्थानीय अभय प्रशाल में खेली गयी। पुरुष वर्ग के 59+ आयु वर्ग के अंतिम मुकाबले में इन्दौर के प्रमोद सोनी ने विपिन पंडित को 3-1 से पराजित कर टाइटल जीत लिया। भोपाल के संतोष खिरव?कर ने स्पर्धा में दोहरी सफलता अर्जित की, उन्होने 49+ आयु वर्ग के फायनल में संतोष ने इन्दौर के मनोज सोनगरा को 3-0 से तथा 39+ आयु वर्ग के खिताबी मुकाबले में भोपाल के ही सुधीर केसरवानी को 3-1 से शिकस्त दी। महिला वर्ग का फायनल इन्दौर का घरेलू मुकाबला था। इस मैच में रश्मि सोनी ने नीता वैष्णव को 3-1 से पराजित कर खिताब हासिल किया। पुरुष वर्ग का युगल मुकाबला इन्दौर के किशोर मोटवानी-संजय मेहता ने जीत लिया। अंतिम मुकाबले में किशोर-संजय ने विशाल जोशी-मनोज शर्मा को 3-0 से परास्त किया।







# आयुष्मान खुराना ने खत्म की फिल्म अनेक की शूटिंग, शेयर किया भावुक नोट



हिट फिल्मों की गारंटी बन चुके अभिनेता आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी आगामी फिल्म अनेक को लेकर चर्चा में हैं। अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग आयुष्मान खुराना ने पूरी कर ली है। इसकी जानकारी खुद अभिनेता ने सोशल मीडिया पर सेट से कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए दी। आयुष्मान खुराना ने इंस्टाग्राम पर सेट से चार तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें से एक तस्वीर फिल्म के एक शॉट को शूट करते हुए कैमरे की है, तो वहीं दूसरी तस्वीर में आयुष्मान के साथ फिल्म के निर्देशक अनुभव सिन्हा नजर आ रहे हैं। जबकि तीसरी तस्वीर में आयुष्मान फिल्म की टीम के अन्य सदस्यों के साथ नजर आ रहे हैं, वहीं आखिरी तस्वीर किसी पेपर नोट और पेन की है। इन तस्वीरों को साझा करने के साथ ही आयुष्मान ने एक भावुक कर देने वाला नोट भी लिखा है। आयुष्मान ने लिखा-'ये बहुत ही खास फिल्म अनेक का रैप है और ये आश्चर्य से भरा हुआ है साथ ही ये एक अछूता विषय है। एक बहुत ही महत्वपूर्ण नए युग का सिनेमा है, शूटिंग के आखिरी दिन मैं भावुक क्यों हो जाता हूं? क्योंकि ये किरदार मुझे फिर से कभी नहीं मिलने वाला। साथ ही मैं जोशुआ के किरदार को मिस करूंगा और मुझे नार्थ-ईस्ट की भी बहुत याद आएगी।' आयुष्मान खुराना की घोषणा इसी साल फरवरी में हुई थी और फिल्म की घोषणा के साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी थी। इस फिल्म में आयुष्मान जेशुआ के किरदार में नजर आएंगे । यह फिल्म इसी साल 17 सितम्बर को रिलीज होगी। हालांकि फिल्म के बारे अब तक कोई ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। यह दूसरा मौका है जब आयुष्मान खुराना अनुभव सिन्हा के निर्देशन में काम कर रहे हैं। इससे पहले आयुष्मान खुराना और अनुभव सिन्हा ने साल 2019 में आई फिल्म आर्टिकल 15 में साथ में काम किया था। अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था और यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट हुई थी।

## इंटरनेट पर अपनी हॉटनेस से आग लगाती हुई नजर आई एक्ट्रेस पूर्वी मुंदडा

इंटरनेट पर अपनी हॉटनेस से आग लगाती हुई नजर आई एक्ट्रेस पूर्वी मुंदडा टीवी से लेकर बॉलीवुड सेलिब्रिटीज तक सोशल मीडिया का भरपूर इस्तेमाल करते नजर आते हैं। अपने टीवी शोज और फिल्मों से फैंस को एंटरटेन करने के साथ ही वें सोशल नेटवर्किंग साइट्स



द्वारा अपने चाहनेवालों के साथ जुड़े रहते हैं। टीवी से लेकर बॉलीवुड सेलिब्रिटीज तक सोशल मीडिया का भरपूर इस्तेमाल करते नजर आते हैं। अपने टीवी शोज और फिल्मों से फैंस को एंटरटेन करने के साथ ही वें सोशल नेटवर्किंग साइट्स द्वारा अपने चाहनेवालों के साथ जुड़े रहते हैं। कई बार एक्ट्रेसेस अपनी हॉट और बोल्ड फोटोज से भ लोगों को हैरान करती आई हैं। इन दिनों टीवी एक्ट्रेस पूर्वी मुंदडा इंटरनेट पर अपनी हॉटनेस से आग लगाती हुई नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें पोस्ट की है जिसमें वो हॉट कपड़ों में अपनी लुभावनी अदाओं से फैंस का दिल जीतती हुई दिखाई दे रही हैं। ब्लैक ट्रेक पेंट्स, जैकेट और ब्रा पहनी हुई पूर्वी फैंस का भरपूर अटेंशन पा रही हैं और अपनी खूबसूरती से लोगों को रिझाती हुई नजर आ रही हैं। पूर्वी टीवी शो निशा और उसके कजिन्स और दिल तो हप्पी है जी जैसे शोज में नजर आ चुकी हैं।

## हकलाने और बढ़े हुए वजन के चलते काफी कुछ सहा है : समीरा रेड्डी

अभिनेत्री समीरा रेड्डी इन दिनों भले ही बॉलीवुड की चमक दमक से दूर हो, लेकिन सोशल मीडिया पर वह काफी सक्रिय रहती हैं। हाल ही में समीरा रेड्डी ने सोशल मीडिया पर अपनी एक थ्रोबैक तस्वीर साझा की है और इसके साथ ही उन्होंने खुलासा किया है कि हकलाने और बढ़े हुए वजन के चलते उन्हें काफी कुछ सहना पड़ा है। दरअसल हाल ही में समीरा रेड्डी ने इंस्टाग्राम पर अपनी टीनेज की एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में वह काफी मोटी नजर आ रही हैं। इस तस्वीर को साझा करते हुए समीरा ने लिखा-क्योंकि मैंने टीनएज में हकलाने और बढ़े हुए वजन के कारण काफी कुछ सहा है, इसलिए मैं अपने बच्चों को दयालु, सहनशील और हर परिस्थितियों का सामना करने वाला बनाऊंगी। सभी एक जैसे नहीं होते। मुझे जो आहत करने वाले कमेंट्स मिले, उनसे गुजरना बहुत कठिन था। काश कि मैं उस लड़की को बता पाती कि वह परफेक्ट से भी बेहतर है। लेकिन पीछे मुड़कर देखें तो हमने रहने के लिए परफेक्शन और हाईस्टैंडर्ड वाली दुनिया नहीं बनाई है? क्या हम अपने बच्चों को उसी जगह भेज रहे हैं? मेरा मानना है कि हम ज्यादा दिमाग वाली सचेत पीढ़ी हैं।

# रियलिटी शो में दूल्हे की तलाश करेगी आर्शी खान!




टीवी शो बिग बॉस 14 में एक्ट्रेस अर्शी खान को अच्छी-खासी पॉपुलेरिटी मिली और अब सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहने लगी है। हाल ही में उन्होंने मुंबई में अपना पहला घर खरीदा है और अब के फैंस के लिए एक और खुशखबरी है। अर्शी खान जल्द ही एक बार फिर छोटे पर्दे पर नजर आने वाली हैं। दरअसल, अर्शी खान का स्वयंवर होने जा रहा है और इसी के चलते वह छोटे पर्दे पर नजर आने वाली हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, राखी सावंत, रतन राजपूत और शहनाज गिल के बाद अब अर्शी खान भी स्वयंवर करने जा रही हैं। इससे पहले राहुल महाजन भी रियेलिटी शो में शादी रचा चुके हैं। उन्होंने राहुल की दुल्हनिया में डिंपी गांगुली संग शादी रचाई थी, लेकिन बाद में दोनों का तलाक हो गया। अब बिग बॉस की ये एक और कंटेस्टेंट होंगी जो रियेलिटी शो में अपने लिए जीवनसाथी की तलाश करेंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेकर्स ने इसके लिए अर्शी खान से बातचीत भी शुरू कर दी है। अगर इसके लिए अर्शी की तरफ से हां होती है तो जल्द ही नेशनल टेलीविजन पर वह अपने लिए दूल्हे की तलाश करती नजर आ सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स ने शो की तैयारी शुरू कर दी है। शहनाज गिल के स्वयंवर के बाद, चैनल किसी ऐसे शख्स को चाहता है जो टीआरपी हिट कर सकता हो। ऐसे में अर्शी खान एक अच्छा नाम हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि अर्शी खान के स्वयंवर शो को राहुल महाजन होस्ट कर सकते हैं। हालांकि इसकी भी अभी कोई पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है। जानकारी के मुताबिक टीवी शो का नाम आएंगे तेरे साजना (सीजन वन विद अर्शी खान) होगा।

## बोट राइड पर सेल्फी लेते दिखे वरुण- नताशा



बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन इन दिनों अपनी पत्नी नताशा दलाल के साथ क्वालिटी टाइम बिता रहे है। वह अरुणाचल प्रदेश में अपनी अपकमिंग मूवी की शूटिंग भी कर रहे हैं। इस बीच उन्होंने बोट राइड करते हुए दोनों की सेल्फी साझा की है, साथ ही ये भी बता दिया है कि वे हनीमून पर नहीं हैं। दोनों की यह फोटो फैंस को खूब पसंद आ रही है। बता दें कि दोनों साथ में अरुणाचल प्रदेश की खूबसूरती का लुत्फ उठा रहे हैं। अरुणाचल की ठंडी वादियों में वरुण और नताशा गर्म कपड़ों में दिखाई दिए। दोनों के चेहरे की रौनक बता रही है कि काम के बीच भी वरुण और नताशा का वक्त अच्छा बीत रहा है। इससे पहले वरुण ने एक वीडियो शेयर किया था जिसमें वे एक क्यूट बच्चे को गोद में लिए नजर आए। वीडियो को शेयर करते हुए वरुण ने कैप्शन में लिखा, अरुणाचल प्रदेश के बच्चे। थियागी काम्बो इसका नाम है। वरुण धवन वीडियो में उस बच्चे को हवा में ऊपर उठाते और उसकी तरफ देखते नजर आ रहे हैं।

# हिप्स की चर्बी करना चाहते हैं कम तो करें ये काम, कुछ दिनों बाद ही दिखने लगेगा असर

मोटापे को लेकर बहुत लोग परेशान होते है, लेकिन कई लोग ऐसे भी होते है जिनकी ऊपर से काया तो ठीक होती है, लेकिन भारी हिप्स उनकी पर्सनैलिटी के साथ उनके मनपसंद कपडे पहनने के बीच भी आते है। ऐसे में जिम जाने की बजाय ज्यादातर लोग घरेलू उपाय या वर्कआउट करके इस समस्या से छुटकारा पाना चाहते हैं। आप भी अगर इस समस्या से जूझ रहे हैं, तो हम आपको बता रहे हैं कुछ ऐसे आसन जिन्हें अपनाकर आप अपनी हिप्स की चर्बी कम कर सकते हैं-

### मलासन (स्क्वॉट पोजिशन)

- स्क्वॉट पोजिशन को मलासन के रूप में जाना जाता है। इस आसन को करने के लिए आप एक स्थान पर सीधे खड़े हो जाएं। अपने पैरों के बीच एक से डेढ़ फीट का गैप बनाएं और घुटनों से पैर मोड़कर कुर्सी पर बैठने की पोजिशन मेंटेन करके रखें।
- फोटो में आप देख सकते हैं कि आपको ना तो कुर्सी पर बैठना है और ना घुटनों के बल बैठना है। आप स्क्वॉट पोजिशन में खुद को जितनी देर हो सके होल्ड करें। यह प्रक्रिया आपको 15 से 20 बार दोहरानी है। आप इसके 2 से 3 सेट एक बार में कर सकते हैं। हर सेट के बीच 10 से 15 सेकंड का ब्रेक लें।
- कोई भी आसन करते हुए ध्यान रखना चाहिए कि पेट भर खाने के तुंरत बाद भोजन नहीं करना चाहिए बल्कि आसन और भोजन के बीच 2-3 घंटे का फासला जरूर होना चाहिए।



### तितली आसन (बटर फ्लाई)

- दंडासन में बैठ जायें।
- घुटनों को मोड़ें और पैरों के तलवों को एक दूसरे से मिलायें, और जितना संभव हो -एडियों को शरीर के करीब ले जायें।
- अंद्रूणी जांघ की मांसपेशियों को पूरी तरह से रिलेक्स रखें।
- धीरे-धीरे घुटनों को ऊपर और नीचे उछालें, ज़रूरत हो तो घुटनों को नीचे दबाने के लिए कोहनी का उपयोग करें।
- घुटनों को नीचे की ओर ले जाते वक्त कोशिश करें कि वह जमीन पर स्पर्श करें। - लेकिन ध्यान रहे कि ऐसा करने के लिए बल का उपयोग नहीं करना है।
- 30 से 50 ऊपर और नीचे करें, अगर कम किया जाए तो कम करें और समय के साथ -अभ्यास बढ़ने पर धीरे-धीरे बढ़ायें।

### तितली आसन के लाभः


- यह आसन महिलाओं को पीरियड्स के दौरान होनेवाली समस्याओं से निजात दिलाता है। जैसे क्रैंप्स, अनियमितता, लोअर बॉडी पार्ट में तेज दर्द और बेचैनी। लेकिन इस बात का खास ध्यान रखें कि महिलाओं को यह आसन पीरियड्स के दौरान नहीं करना चाहिए। इस समय में आप केवल वॉक करें।
- तितली आसन पैरों की और खासतौर पर जांघों की मसल्स को मजबूत बनाता है।

# उम्मीद है, वीडियो गाने का चलन जारी रहेगा : अदा खान



अभिनेत्री अदा खान ने 'नागिन' के अपने सह-अभिनेता अर्जुन बिजलानी के साथ यासर देसाई के नए गीत 'मोहब्बत फिर हो जाएगी' के संगीत वीडियो में फिर एक साथ काम किया। वह खुश हैं कि वीडियो सॉन्ग का चलन वापस आ गया है। अदा ने कहा, बड़े होने के दौरान स्कूल और कॉलेज में हमने बहुत सारे गाने सुने और बहुत सारे वीडियो सॉन्ग देखे। मुझे याद है कि हम पसंद किया करते थे। अब फिर से अच्छे-पुराने दिन वापस आ गए हैं। मुझे उम्मीद है कि यह चलन जारी रहेगा। अभिनेत्री का कहना है, अर्जुन के साथ स्क्रीन साझा करने पर उनके प्रशंसक इसे पसंद करते हैं। अदा ने कहा, जब हम नागिन कर रहे थे। प्रशंसकों ने शेषा और ऋतिक की केमिस्ट्री को पसंद किया। इस बार भी जब हमने एक साथ यह गाना किया तो उन्होंने हमें समर्थन दिया। इनकी तरह, आपको अभिनेताओं का एक अलग वर्जन देखने को मिलता है। यह गाना खूबसूरत भी है। हमारे प्रशंसकों की प्रतिक्रिया बहुत कुछ कहती है कि वे कितने खुश और उत्साहित हैं। हमें लगता है उनके प्रशंसकों में खुशी है।

# इन आसान तरीकों से होगा घुटनों का दर्द दूर



आजकल घुटनों में दर्द की समस्या बहुत आम हैं। वे दिन बीत गए, जब यह समस्या सिर्फ़ उम्रदराज़ लोगों को होती थी। आजकल कम उम्र के लोग भी इसके शिकार हो जाते हैं। वैसे तो घुटने में दर्द की समस्या आम मानी जाती है। लेकिन वास्तव में यह काफी तकलीफदेह हो सकती है। इस स्थिति में लोग अक्सर दर्द से छुटकारा पाने के लिए दवाइयों का सहारा लेते हैं। लेकिन आप बिना दवाइयों के भी कुछ नेचुरल उपाय अपनाकर इस घुटने के दद से राहत पा सकते हैं। लेकिन घुटनों में दर्द हो रहा है तो एक बार चिकित्सक की राय भी लेना जरूरी हैं। आपको बता दें कि हमारे घुटने शरीर के लिए कई प्रकार के झटके सहन करते हैं। इसीलिए घुटनों का स्वस्थ होना हमारी सम्पूर्ण सेहत के लिए बेहद जरूरी है।

**गठिया रोग :** कमजोर घुटने या गठिया रोग से ग्रस्त घुटनों की वजह से हमारा चलना-फिरना प्रभावित हो जाता है। स्वस्थ घुटने होने के लिए आवश्यक है कि हमारे शरीर का वजन सही हो ताकि हमारे घुटनों पर अतिरिक्त बोझ ना पड़े। इसके साथ ही खूब सारा एक्ससाइज भी जरूरी है। चलिए हम आपको कुछ तरीके बताते हैं, जिन्हे आजमाकर आप अपने घुटने स्वस्थ रख सकते है.

**ऊंची, नीची जमीन पर न चलें:** अगर आपको गठिया या घुटने की कोई समस्या है तो आप बहुत दलदली या ऊंची, नीची जमीन पर नहीं चलना चाहिए। हमेशा सडक़ के किनारे या समतल धरातल पर चलें। ताकि आपके घुटनों पर कोई झटका ना लगे।

**सीढियों पर न कूदेः** अगर आपके घुटने सही हालत में नहीं हैं, तो सीढ़ी आदि पर दौडकऱ उनपर कोई भी अतिरिक्त दबाव नहीं डालना चाहिए। खासकर यदि आपका वजन ज्यादा है तो तेज कदमों से सीढ़ी पर दौडना आपके घुटनों के लिए नुकसानदायी साबित हो सकता है। सीढियों पर धीरे-धीरे चढ़ें और किनारों का सहारा लीजिए, ताकि शरीर का वजन बंट जाए।

## मैं पुरुष अभिनेता के बिना 'दुश्मन' नहीं बेच सकती थी : पूजा भट्ट

आजकल कई महिला केंद्रित फिल्में और वेब प्रोजेक्ट देखे जा रहे हैं। मगर ऐसा पहले नहीं था, जब 1998 में अभिनेत्री व फिल्म निर्माता पूजा भट्ट ने 'दुश्मन' का सह-निर्माण किया था। पूजा ने याद किया कि फिल्म को रिलीज करना तब तक मुश्किल था, जब तक कि उसमें कोई पुरुष अभिनेता न हो। काजोल की दोहरी भूमिका वाली इस फिल्म में संजय दत्त भी एक



महत्वपूर्ण भूमिका में थे। उन्होंने बताया, दुख की बात है कि जब मैंने काजोल के साथ दुश्मन की थी। मैं फिल्म को तब तक नहीं बेच पाई, जब तक मेरे पास एक निश्चित कैलिबर का पुरुष सितारा नहीं था। बहुत से पुरुष अभिनेता ऐसा नहीं करना चाहते थे, क्योंकि यह एक महिला-उन्मुख फिल्म थी। अंत में संजय दत्त मेरे साथ व्यक्तिगत समीकरण के कारण बोर्ड पर आए। यहां तक कि उन्होंने इसके लिए बहुत ही पैसे लिए। हालांकि, पूजा जो नए वेब शो बॉम्बे बेगम का हिस्सा हैं, का कहना है कि चीजें बदल गई हैं। वह कहती हैं, आज बहुत सारी महिलाएं पटकथा लेखिका और फिल्म निर्माता हैं।

# ‘इश्क वाली फरवरी’

**डॉ. रीना रवि मालपानी**

कहते है इश्क करने का कहाँ कोई मौसम होता है, इश्क तो इश्क है जनाब अपने आप हो जाता है पर जिंदगी की खूबसूरती को जीने में भला क्या नुकसान है तो क्यों न गृहस्थ जीवन में भी इश्क वाली फरवरी का खुले दिल से स्वागत करें। जिंदगी की खूबसूरती को जीने में भला क्या नुकसान है। अपने इश्क का इजहार करने में भला संकोच कैसा। जिंदगी में छोटे-छोटे लमहों को चुराकर यादगार लड़ियों को संजोना ही जिंदगी है। कभी-कभी हमारी गृहस्थी वाली जिंदगी थोड़ी उबाऊ हो जाती है तो क्यों न इसी बहाने यादों के सुनहरे रंग भरने की छोटी सी कोशिश करें। अचानक गिफ्ट का मिलना किसे प्रिय नहीं होता और यह तोहफा आपके जीवनसाथी की पसंद का हो तो बात कुछ अलग ही हो जाती है। यह तोहफा सारे गीले शिकवे को न्यून कर देता है। इसलिए चोखट पर दस्तक दे रही इश्क वाली फरवरी का खुलकर आनंद ले। हसरतों से यादगार हुई जनवरी को अलविदा कहते हुए इस यादगार फरवरी का पूरा लुत्फ उठाएँ। बहुत से लोगों का मत होता है की यह सब पाश्चात्य संस्कृति का दिखावा है परंतु प्रेम की अभिव्यक्ति कोई दिखावा नहीं है। प्रेम की तो साक्षात ईश्वर भी पूजा करते है इसलिए कृष्ण से पहले राधा का नाम उच्चारित किया जाता है। कृष्ण और राधा के अलौकिक प्रेम की तो दुनिया दीवानी है। श्रीराम ने सीता के प्रति अनन्य प्रेम के लिए क्या कुछ नहीं किया। सती के प्रेम में तो शिव ने रौद्र रूप धारण कर लिया था। वहीं पार्वती का शिव के प्रति अडिग तपस्या से सुशोभित हुआ। जब भक्त और भगवान की बात होती है तो केवल प्रेम को ही महत्व दिया जाता है। अतः इश्क भी एक खूबसूरत एहसास है जिसकी मीठी यादें मन को प्रफुल्लित कर जाती है। क्यों न पति-पत्नी भी अपने रिश्ते की खूबसूरती और महक को बरकरार रखें। कुछ क्षण यह एहसास दिलाना की तुम्हारे होने से मेरे जीवन की बगियाँ कितनी खूबसूरत है। पति-पत्नी का रिश्ता तो आकर्षण और प्रेम से शुरू होकर अंततः करुणा में परिवर्तित हो जाता है। प्रेम तो प्रेरणा का भी एक रूप है। सच्चा प्रेम तो इंसान को नई ऊर्जा और उत्साह भी देता है। इस कोरोना काल में आपकी पत्नी ने दिन-रात चार दिवारी में रहते हुए आपकी सेवा की है तो क्यों न इश्क वाली फरवरी में छोटे से प्रयास से उसके चेहरे पर मुस्कान लाने की कोशिश की जाए। यह यादगार पल अकेले बैठने और आपसे जुदा होने पर भी आपके साथी को सदैव आपके समीप रखेंगे। कभी-कभी भावनाओं की अभिव्यक्ति इंसान के जीवन की रिक्तता को दूर कर देती है। प्रभु ने स्वयं ईश्वरीय अवतार में प्रेम का महत्व जनसामान्य को समझाया है। इसलिए अपनी छोटी-छोटी भावनाओं की अभिव्यक्ति से सुनहरी यादों को सँजोने का प्रयास करें।



**इश्क वाली फरवरी का करते है स्वागत।**
**प्रेम की अभिव्यक्ति में नहीं लगती कोई लागत॥**
**राधे कृष्ण का अलौकिक प्रेम तो है सर्वत्र चर्चित।**
**कभी-कभी इश्क का इजहार भी करता है विस्मित।।**

# ‘आधी आबादी’ को भी कुछ अपने लिये तय कर लेने दो

**निर्मल रानी**

दुनिया में कहीं भी जब महिलाओं की स्वतंत्रता या उनके अधिकारों की चर्चा छिड़ती है उस समय दुनिया के पुरुषों द्वारा ही सबसे ज़्यादा महिलाओं का महिमांडन करते हुये यह बताने की कोशिश की जाती है कि उनके देश व समाज में किस तरह महिलाओं को स्वतंत्रता हासिल है। कहीं महिलाओं के रुतबे को बढ़ाने के लिये उसे देवी तक का रूप बता दिया जाता है कोई सेना ,जल सेना व वायुसेना में महिलाओं की भर्ती पर इतराता है कोई साधु संत या धर्माधिकारी की गद्दी पर महिला को बिठाकर यह सन्देश देता है कि महिलायें भी पुरुषों के समान हैं। कहीं राजनीति में नाममात्र प्रतिनिधित्व देकर व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी होने का ढिंढोरा पीटा जाता है। गोया पुरुष प्रधान समाज ही इस बात का श्रेय लेने के लिये भी आतुर दिखाई देता है कि देखो- हमने महिलाओं को अमुक अमुक अधिकार प्रदान किये हैं। इतना ही नहीं जब कभी किसी धर्म या जाति विशेष की इस बात के लिये आलोचना होती है कि वहां महिलाओं को आज़ादी नहीं है या उनके अधिकारों का हनन होता है तो उस धर्म जाति विशेष के धर्मगुरु व चिंतक सामने आकर अपने धर्मग्रंथों के कुछ उदाहरण प्रस्तुत कर यह बताने की कोशिश करते हैं कि महिलाओं को इनके समाज ने जितनी आज़ादी दी उतनी किसी दूसरे धर्म या समाज में नहीं।

सवाल यह है कि आधी आबादी के बारे में पुरुषों में बचपन से ही यह धारणा किस आधार पर विकसित की जाती है कि उसके बारे में कोई भी निर्णय लेने का अधिकार प्रायः उसके परिवार के पुरुष समाज को ही है स्वयं महिलाओं को नहीं ? एक लड़की बचपन में ही जब कहीं जाना चाहती है तो उसके साथ कोई पुरुष सदस्य भेजा जाता है। वह कहाँ जाये और कहाँ न जाये यह उसके परिवार का पुरुष तय करता है। बच्ची जब युवावस्था में क़दम रखती है तो इसी पुरुष समाज द्वारा अपनी धार्मिक परंपराओं व रीति रिवाजों का वास्ता देकर उस पर हिजाब व नक़ाब की पाबन्दी लगाई जाती है। जैसे ही वह इसपर अमल करती है वह दूसरे धर्म व समाज के पुरुषों की नज़रों में %अतिवादी % नज़र आने लगती है। ये वर्ग इन लड़कियों से हिजाब उतार फेंकने की ज़िद पर अड़ जाता है। यहाँ तक कि इस विषय को राजनैतिक तूल देकर इसे सांप्रदायिक रंग दिया जाने लगता है। किसी लड़की को स्कूल स्तर तक की शिक्षा लेनी है या कॉलेज जाना है यह भी लड़की नहीं उसके परिवार के पुरुष तय करते हैं।

पुरुषों की इन्हीं बंदिशों,निर्देशों यहाँ तक कि तरह तरह की मानसिक प्रतारणाओं का सामने करते हुये जब यही लड़की विवाह योग्य होती है तो प्रायः उसके जीवन साथी चुनने का निर्णय भी उसके परिवार के पुरुष मुखिया या अभिभावक ही लेते हैं। जबकि ज़िन्दिगी उस लड़की को गुज़ारनी है परन्तु किसके साथ गुज़ारनी है यह लड़की तय नहीं कर सकती। ज़ाहिर है अभिभावक व परिजन अपने संभावित दामाद में जो विशेषतायें तलाश रहे हों वही विशेषतायें लड़की भी तलाश करे यह ज़रूरी नहीं। परन्तु आम तौर पर लड़की पर उसके अभिभावक की पसंद ही थोपी जाती है। और यदि किसी लड़की ने अपने साहस व विवेक का प्रयोग करते हुये अपनी पसंद के किसी लड़के से शादी करने का साहस कर भी लिया तो हमारा यही पुरुष समाज उसे किस गति तक पहुंचा देता है यह किसी से छुपा नहीं है। आये दिन हमारे देश में ऑनर किलिंग के नाम से होने वाली हत्याओं की ख़बरें आती रहती हैं। और बड़े गर्व से ऐसी हत्याओं को %ऑनर किलिंग का नाम भी दिया जा चुका है। युवक-युवतियों के परस्पर प्रेम प्रसंग के क़िस्से संभवतः पृथ्वी के अस्तित्व में आने के बाद से ही प्रचलित होने लगे थे। संतों देवताओं ऋषि मुनियों से लेकर पैग़ंबरों व महापुरुषों तक से जुड़ी अनेक दास्तानों में ऐसे क़िस्से सुनने व



पढ़ने को मिलते हैं। परन्तु आज यदि कोई युवती अपनी इच्छानुसार अपने किसी प्रेमी युवक से मिलने या उसके साथ घूमने फिरने की इच्छुक हो तो उसे उस अतिवादी व उपद्रवी पुरुष समाज की प्रताड़ना व उनके लठ का सामना करना पड़ता है जो एक दुसरे को जानते ही नहीं। उन उपद्रवियों का पूर्वाग्रह इसी बात को लेकर होता है कि ऐसे प्रेमी उनकी संस्कृति व सभ्यता के दुश्मन हैं। तो क्या किसी युवती को प्रताड़ना देना उसे अपमानित करना किसी सभ्य समाज की संस्कृति व सभ्यता का हिस्सा माना जा सकता है। जब हम अपनी संस्कृति व सभ्यता की तुलना पश्चिमी देशों की संस्कृति-सभ्यता से करते हैं तो हमें उसमें पाश्चात्य सभ्यता के नाम पर केवल %नंगापन% ही दिखाई देता है। क्योंकि शायद हमारी नज़रें शरीर के नंगे हिस्से के आगे कुछ देखना ही नहीं चाहतीं। हमें उसकी योग्यता,उसके गुण,उसकी शिक्षा उसकी वैज्ञानिक व आधुनिक सोच जैसे तमाम गुण नज़र नहीं आते। तो क़ुसूर उसके नंगे शरीर का है या पुरुषों की संकीर्ण नज़रों का ? मज़े की बात तो यह है कि यही पुरुष समाज जिसे पाश्चात्य सभ्यता में नंगापन दिखाई देता है वही पुरुष समाज अपने कथित %सांस्कृतिक व सभ्यतावादी % देश में महिलाओं के लिये कितना मान सम्मान रखता है यह पूरी दुनिया को पता है। बलात्कार और जघन्य व क्रूरतापूर्ण बलात्कार के ऐसे ऐसे क़िस्से हमारे देश में सुनने को मिलते हैं जिन्हें सुनकर रूह काँप उठती है। दो महीने की बच्ची से लेकर 85 वर्ष की अति वृद्ध महिला तक को हमारे %सभ्यतावादी % पुरुष नहीं बख़्शते। यहाँ बाप और भाई की गोद में बेटी बहन सुरक्षित है या नहीं इस बात की कोई गारंटी नहीं है। परन्तु संस्कार,भाषण और योजनाओं के ढिंढोरे व दिखावे में बेटी देवी भी है,पूज्य भी है,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे भी हैं।

लिहाज़ा महिलाओं पर शिकंजा कसने की प्रवृति छोड़कर पुरुष समाज को अपनी सोच,विचार,संकुचित मानसिकता, बदलने की ज़रुरत है। जब महिलाओं को इस बात में कोई आपत्ति या दख़ल नहीं कि कोई पुरुष साधू या नागा क्यों बनता है,कोई अपने लिंग की पूजा क्यों करवाता है,कोई जटा या दाढ़ी क्यों रखता या नहीं रखता है,कोई कितनी पत्नियां रखता है,कोई शाकाहारी या मासांहारी क्यों है,कोई क्या खाता पीता है कहाँ आता जाता है फिर आख़िर सारी बंदिशें व निगरानियाँ महिलाओं के लिये ही क्यों। वैसे भी यदि हम किसी पूर्वाग्रह के बिना निष्पक्ष तरीक़े से सोचें व अपनी खुली नज़रों से देखें तो हम यही पायेंगे कि जिन जिन देशों में महिलायें अपने बारे में कोई भी निर्णय लेने के लिये स्वतंत्र हैं वही देश व समाज तरक़्क़ी भी कर रहा है। और जहां जहां अतिवादी व रूढ़िवादी पुरुष समाज महिलाओं पर अपना वर्चस्व बनाये हुये है वही देश व समाज लगभग सभी क्षेत्रों में पिछड़ा तो है ही,साथ साथ उन्हीं जगहों पर महिलाओं के साथ ज़ुल्म,अत्याचार व बर्बरता की ख़बरें भी अधिक सुनाई देती हैं। लिहाज़ा यदि देश व समाज को आधुनिक समयानुसार आगे ले जाना है तो पुरुषों को स्वयं पर नियंत्रण रखना होगा अपनी विकृत सोच बदलनी होगी। साथ ही विश्व की %आधी आबादी % को भी कुछ अपने व अपने भविष्य के लिये तय करने का अवसर देना ही होगा।

## कहीं आप भी पाप की पूंजी तो जमा नहीं कर रहे

क्या आपने कभी किसी के ऊपर हो रहे अत्याचार के विरूद्ध आवाज उठायी है। किसी कमज़ोर और लाचार को पिटता देखकर मदद के लिए आगे आएं हैं। अगर आपने ऐसा नहीं किया है तो समझ लीजिए आपने अपने खाते में पाप की पूंजी जमा कर ली है। शापाङ्ख में जिस प्रकार से पाप और पुण्य को परिभाषित किया गया है उसके अनुसार जो व्यक्ति किसी को कष्ट में देखकर उसकी मदद नहीं करता है। किसी के भय से अथवा अपने स्वार्थ के कारण झूठ बोलता है और शरण में आये व्यक्ति की रक्षा नहीं करता है वह पापी है। इस संदर्भ में एक कथा का उल्लेख पुराणों में मिलता है। एक थे राजा शिवि। इनके धार्मिक स्वभाव और दयालुता एवं परोपकार के गुण की ख्याति स्वर्ग में भी पहुंच गयी। इन्द्र और अग्नि देव ने योजना बनायी कि राशि शिवि के गुणों को परखा जाए। एक दिन अग्नि देव कबूतर बने और इन्द्र बाज। कबूतर उड़ता हुआ राजा शिवि की गोद में आकर बैठ गया और अपनी रक्षा के लिए प्रार्थना करने लगा। इसी बीज बड़ा सा बाज राजा शिवि के पास पहुंचा और कबूतर को वापस करने के मांग करने लगा। बाज ने कहा कि, कबूतर मेरा आहार है अगर आप मुझे वापस नहीं करेंगे तो आपको मुझे भूखा रखने का पाप लगेगा। बाज की बातों को सुनकर राजा शिवि ने कहा कि कबूतर मैं तुम्हें नहीं दूंगा अगर कोई अन्य उपाय है तो बताओ। बाज ने कहा कि कबूतर के मांस के बराबर मुझे मांस दे दीजिए इससे मेरा काम हो जाएगा। राजा ने विचार किया कि एक जीव को बचाने के लिए दूसरे जीव का कष्ट देना पाप होगा। यही सोच कर राजा ने कबूतर को तराजू के एक पलडे में डाल दिया और अपने शरीर से मांस काटकर दूसरे पलड़े में रखने लगे। लेकिन काफी मांस रखने के बाद भी पलड़ा हिला तक नहीं।

# पाक पर भरोसा नहीं

**सिद्धवार्थ शंकर**

कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद व्यापारिक रिश्ते खत्म कर चुके पाकिस्तान को एक बार फिर से भारत की याद आई है। कंगाली के हालात से जूझ रहे पाकिस्तान ने कहा है कि, भारत के साथ व्यापारिक रिश्ते समय की जरूरत है। इससे दोनों देशों को फायदा होगा। पाकिस्तान का यह बयान तब आया है, जब पाक पीएम इमरान खान पहली बार रूस दौरे पर जा रहे हैं। पाक पीएम इमरान खान का जल्द ही रूस दौरा होने वाला है। इस दौरान उनकी, रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ गैस पाइपलाइन बिछाने को लेकर चर्चा होगी। अब्दुल रजाक भी कह चुके हैं, रूस पाकिस्तान में गैस पाइपलाइन बिछाना चाहता है। दरअसल, रूस व मध्य एशिया के देशों से पाकिस्तान होते हुए गैस पाइपलाइन भारत तक जाती है, तो पाकिस्तान को इसके बदले मोटा पैसा पैसा मिल सकता है, यही कारण है कि अब पाक-भारत के साथ व्यापारिक रिश्तों को ठीक करना चाहता है। दोनों देशों के बीच आपसी व्यापार 2019 से बंद है। कश्मीर के पुलवामा में आतंकी हमले में सीआरपीएफ के 40 जवानों के मारे जाने के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान का तरजीही राष्ट्र (मोस्ट फेवर्ड नेशन, एमएफएन) का दर्जा छीन लिया और वहां से आयात होने वाली चीजों पर सीमा शुल्क दो सौ फीसद तक बढ़ा दिया। इसका प्रभाव इतना गंभीर था कि जनवरी से लेकर मार्च के बीच पाकिस्तान से होने वाला आयात 91 फीसद गिर गया। कारोबारी गिरावट का घाटा सिर्फ दोनों देशों में ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महसूस किया जा रहा है। पाकिस्तान की व्यापार के मामले में भारत पर थोड़ी अधिक निर्भरता देखने को मिलती है। संयुक्त राष्ट्र के कॉमट्रेड के आंकड़ों के अनुसार, बीते 15 साल में भारत का दुनिया भर से आयात 5.2 लाख करोड़ डॉलर का था, लेकिन पाकिस्तान से सिर्फ 5.5 अरब डॉलर का ही आयात था। यह देश के कुल आयात का सिर्फ 0.1 फीसद था। इसी समय में भारत से पाकिस्तान होने वाला निर्यात उसके कुल निर्यात का सिर्फ 0.7 फीसद था। किसी भी साल में भारत के कुल आयात में



पाकिस्तान का हिस्सा 0.16 फीसद से अधिक नहीं रहा। वहीं, भारत के कुल निर्यात में उसका हिस्सा कभी 1.1 फीसद से आगे नहीं बढ़ पाया। दूसरी ओर, भारत से आयात में पाकिस्तान के कुल आयात का हिस्सा 3.6 फीसद रहा है, जबकि निर्यात 1.5 फीसद रहा है। इस दौरान पाकिस्तान के कुल आयात में भारत का हिस्सा 4.4 फीसद तक पहुंच गया, जबकि उसकी देश के कुल निर्यात में हिस्सेदारी 2.1 फीसद थी। कूटनीतिक तौर पर गेंद भारत ने पाकिस्तान के पाले में डाल रखी है। भारत कह चुका है कि वह व्यापार जारी रखने को तैयार है, लेकिन इसके लिए पाकिस्तान को माहौल तैयार करना होगा। भारत और पाकिस्तान- दोनों देश बड़े व्यापारिक साझेदार नहीं हैं, लेकिन दोनों देशों के कुछ उद्योग और बाजार एक-दूसरे पर निर्भर करते हैं। यही कारण है कि व्यापार पर रोक की मार दोनों तरफ भारी पड़ रही है। पाकिस्तान की तरफ से व्यापार शुरू करने की पहल पहली बार नहीं है। इसी साल की शुरुआत में पाकिस्तान ने नई राष्ट्रीय सुरक्षा नीति जारी की थी जिसमें अगले 100 वर्षों तक भारत से कोई शत्रुता नहीं रखने की बात कही गई। हालांकि, जब जुल्फिकार अली भुट्टो वहां के प्रधानमंत्री थे तब उन्होंने भारत से 1,000 साल तक लड़ने के बात कही थी। मगर लगभग 3 दशक से पाकिस्तान आतंकवादी रूपी कदम युद्ध जारी रखे हुए हैं जिसमें कितने ही बेगुनाहों की जान गई है। उसके द्वारा मुंबई में किया गया 26/11 का आतंकवादी हमला कौन भूल सकता है? भारत की संगठनों को पालने-पोसने और भारत में घुसपैठ कराने वाले पाकिस्तान की नीयत पर कोई कैसे भरोसा कर सकता है? भारत के खिलाफ पाकिस्तान और चीन ने हाथ मिला रखा है. जब भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी दोस्ती का पैगाम लेकर बस से लाहौर गए थे तो उसका जवाब पाकिस्तान ने कारगिल हमले से दिया था। इन सारी बातों को देखते हुए पाकिस्तान पर जरा भी विश्वास नहीं किया जा सकता। ऐसे में व्यापार शुरू करने की उसकी बातों पर कैसे आगे बढ़ा जाए। पाकिस्तान इस समय कंगाली में है, उसे पैसों की सख्त जरूरत है।

# श्री चन्द्रप्रभ भगवानका ज्ञान /मोक्ष कल्याणक

### सूडोकु नवताल- 5991

★★★✯✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5990 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

इस मध्यलोक के पुष्कर द्वीप में पूर्व मेरू के पश्चिम की ओर विदेह क्षेत्र में सीतोदा नदी के उत्तर तट पर एक ‘सुगन्धि नाम का देश है। उस देश के मध्य में श्रीपुर नाम का नगर है। उसमें इन्द्र के समान कांति का धारक श्रीषेण राजा राज्य करता था। उसकी पत्नी धर्मपरायणा श्रीकांता नाम की रानी थी। दम्पत्ति पुत्र रहित थे अत~ पुरोहित के उपदेश से पंच वर्ण के अमूल्य रत्नों से जिन प्रतिमाएँ बनवाई, आठ प्रातिहार्य आदि से विभूषित इन प्रतिमाओं की विधिवत् प्रतिष्ठा करवाई, पुन~ उनके गंधोदक से अपने आपको और रानी को पवित्र किया और आष्टान्हिका महापूजा विधि की। कुछ दिन पश्चात् रानी ने उत्तम स्वप्नपूर्वक गर्भधारण किया पुन~ नव मास के बाद पुत्र को जन्म दिया। बहुत विशेष उत्सव के साथ उसका नाम ‘श्रीवर्मा रखा गया। किसी समय ‘श्रीपद्म जिनराज से धर्मोपदेश को ग्रहण कर राजा श्रीषेण पुत्र को राज्य देकर दीक्षित हो गया। एक समय राजा श्रीवर्मा भी आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन जिनपूजा महोत्सव करके अपने परिवारजनों के साथ महल की छत पर बैठा था कि आकस्मिक उल्कापात देखकर विरक्त होकर श्रीप्रभ जिनेन्द्र के समीप दीक्षा लेकर श्रीप्रभ पर्वत पर सन्यास मरण करके प्रथम स्वर्ग में श्रीप्रभ विमान में श्रीधर नाम का देव हो गया। धातकीखंड द्वीप की पूर्व दिशा में जो इष्वाकार पर्वत है उसके दक्षिण की ओर भरतक्षेत्र में एक पूर्व धातकीखंड द्वीप में सीता नदी के दाहिने तट पर एक मंगलावती नाम का देश है। इसके रत्नसंचय नगर में कनकप्रभ राजा राज्य करते थे, उनकी कनकमाला रानी थी। वह अच्युतेन्द्र वहाँ से



आकर इन दोनों के पद्मनाभ नाम का पुण्यशाली पुत्र हुआ। किसी समय पद्मनाभ राजा श्रीधर मुनि के समीप धर्मोपदेश श्रवण कर दीक्षित हो गये, सोलहकारण भावनाओं का चिन्तवन कर ग्यारह अंग में पारंगत होकर सिंहनिःक्रीडित आदि कठिन-कठिन तप करने लगे। तीर्थंकर प्रकृति का बन्ध करके आयु के अन्त में विधिवत् मरण करके वैजयन्त विमान में अहमिन्द्र हो गये। इनके श्रीवर्मा, श्रीधरदेव, अजितसेन चक्रवर्ती, अच्युतेन्द्र, पद्मनाभ, अहमिन्द्र, चन्द्रप्रभ भगवान ये सात भव प्रसिद्ध हैं।

**गर्भ और जन्म**

जब इनकी छह माह की आयु बाकी रह गई, तब जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र में चन्द्रपुर नगर के महासेन राजा की लक्ष्मणा महादेवी के यहाँ रत्नों की वर्षा होने लगी। चैत्र कृष्ण पंचमी के दिन गर्भकल्याणक महोत्सव हुआ एवं पौष कृष्ण एकादशी के दिन भगवान चन्द्रप्रभ का जन्म हुआ।

**तप**

किसी समय दर्पण में अपना मुख देख रहे थे कि भोगों से विरक्त होकर देवों द्वारा लाई गई ‘विमला% नाम की पालकी पर बैठकर सर्वर्तुक वन में गये। वहाँ पौष कृष्ण एकादशी के दिन हजार राजाओं के साथ दीक्षा ले ली। पारणा के दिन नलिन नामक नगर में सोमदत्त के यहाँ आहार हुआ था।

**केवलज्ञान और मोक्ष**

तीन माह का छद्मस्थ काल व्यतीत कर भगवान दीक्षावन में नागवृक्ष के नीचे फाल्गुन कृष्ण सप्तमी के दिन केवलज्ञान को प्राप्त हो गये। ये चन्द्रप्रभ भगवान समस्त आर्य देशों में विहार कर धर्म की प्रवृत्ति करते हुए सम्मेदशिखर पर पहुँचे। एक माह तक प्रतिमायोग से स्थित होकर फाल्गुन शुक्ला सप्तमी के दिन ज्येष्ठा नक्षत्र में सायंकाल के समय शुक्लध्यान के द्वारा सर्वकर्म को नष्ट कर सिद्धपद को प्राप्त हो गये। अन्य नाम चन्दा प्रभु,पिछले भगवान सुपार्श्वनाथ,अगले भगवान पुष्पदन्तनाथ चिन्ह चन्द्रमा पिता महाराजा महासेन माता महारानी लक्ष्मणा वंश इक्ष्वाकु वर्ण क्षत्रिय अवगाहना 150 धनुष (छह सौ हाथ) देहवर्ण कुंदपुष्प सम श्वेत आयु 1,000,000 पूर्व वर्ष वृक्ष सर्वर्तुकवन एवं नागवृक्ष प्रथम आहार नलिन नगर के राजा सोमदत्त द्वारा (खीर) पंचकल्याणक तिथियां गर्भ चैत्र कृ. 5 जन्म पौष कृ. 11 चन्द्रपुरी (जिला-बनारस) उत्तर प्रदेश दीक्षा पौष कृ. 11 केवलज्ञान फाल्गुन कृ.7 मोक्ष फाल्गुन शुक्ला 7 सम्मेद शिखर समवशरण गणधर श्री श्रीदत्त आदि 93 ,मुनि ढाई लाख गणिनीआर्यिका, वरुणा आर्यिका तीन लाख अस्सी हजार श्रावक तीन लाख श्राविका पांच लाख यक्ष विजयदेव यक्षी ज्वालामालिनी देवी।

नौकरों /अधिकारीयों का मुख्य कार्य मंत्रियों को खुश रखना (इन्तज़ाम अली) (लेखक- विद्यावाचस्पति डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन / ईएमएस)

प्रजातंत्र में चुने हुए प्रतिनिधियों को विधयिका मानते हैं ,उनके अधीनस्थ कार्यपालिका निश्चित रूप से उनकी सहायता करने ,उनकी मंशाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध होती या रहती हैं .बहुत सीमा तक न्यायपालिका भी अप्रभावित नहीं रहती पर पत्रकरिता तो वर्तमान में पंगु हो गयी हैं .

बुद्धिमान राजा वर्तमान में प्रधान मंत्री जो अपने आपको प्रधान सेवक बताते हैं पर वह वास्तव में नौकर हैं को स्वयं और अपने अधीनस्थों को यानी मत्रियों को निम्म गुणों का धारक बनाना चाहिए .प्रधानमत्री द्विज ,स्वदेशवासी ,सदाचारी ,कुलीन ,व्यसनों से रहित ,द्रोह ना करने वाला ,नीतिज्ञ ,निष्कपट युध्य -विद्या विशारद होना चाहिए .

विषनिशेक इव दुराचारः सर्वान गुणान दुषयति .(नीतिवाक्यामृत 10/7 )

दुराचार --खोता आचरण (कुत्सित और निंद्य कर्मों में प्रवत्ति )विष भक्षण की तरह समस्त गुणों को नाश कर देता हैं अर्थात जिस प्रकार विष का भक्षण जीवन नष्ट कर देता हैं ,उसी प्रकार दुराचार भी विद्या ,कला और नीतिमत्ता आदि मानवोचित गुणों को अथवा राज्य की वृद्धि और रक्षा करने वाले संधि और विग्रह आदि गुणों को नष्ट कर देता हैं .राजा का मंत्री सदाचारी होना चाहिए अन्यथा उसके दुराचारी होने पर राज्यवृक्ष का मूल (राजनैतिक ज्ञान ) और सैनिक संगठन आदि सदुणों के अभाव से राज्य की क्षति सुनिश्चित रहती हैं .

तदमृतस्य विषत्वं यःकुलीनेषु दोषसम्भवः .(नीतिवाक्यामृत 10/17 )

कुलीन पुरुषों में विश्वाश घात आदि दोषों का होना अमृत का विष होने के समान हैं अर्थात जिस प्रकार अमृत विष नहीं हो सकता उसी प्रकार उच्च कुल वालों में भी विश्वासघात आदि दोष नहीं हो सकते .

क्षुद्र प्रकति वाले मंत्री आदि अधिकारी अपने अपने अधिकारों में नियुक्त किये हुए सैंधव जाति के घोड़े योग्यता प्राप्त कर लेने पर (चाल आदि सीख लेने पर ) दमन करने से उन्मुक्त होकर सवार होकर सवार को जमीन पर पतकतना आदि विकार युक्त हो जाते हैं ,उसी प्रकार अधिकारी गण भी क्षुद्र प्रकृति वश गर्व युक्त होकर राज्य क्षति करने तत्पर रहते हैं अतः राजा को सड़ उनकी परीक्षा -जाँच करते रहना चाहिए .

पटना बिहार से जानकारी मिली जो अत्यंत हैरत करने वाली हैं वहां के पूर्व आई पी एस ने यह आरोप लगाया की सरकार और उसके कई मंत्रियों को मुजफ्फनगर शेलटर होम की

# नाले के विवाद पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव सहित चार लोगों को पीटा



मुरैना। सिटी कोतवाली के अंतर्गत इस्लामपरा इलाके में मंगलवार की दोपहर नाले शेख अंडा निकालने के विवाद पर मुस्लिम समाज के कुछ लोगों ने कांग्रेस के प्रदेश सचिव सहित चार लोगों की जमकर पिटाई कर डाली पुलिस द्वारा पीडित पक्ष की ओर से आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुरैना नगर निगम के अंतर्गत आने वाले इस्लामपुरा में 56 वर्षीय सुरेश पुत्र गोपाल राठौर रहते है और किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव है। बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर सुरेश राठौर का बडा लडका पवन राठौर बाजार से घर आ रहा था, तभी इस्लामपुरा की टंच रोड पर रहने वाले वकील खान ने पवन से नाले में से खंडे निकालने की कहा, पवन के मना करने पर वकील ने गाली-गलौच करते हुए पवन की मारपीट कर दी। जब पवन के परिजनों को पता चला और मौके पर पहुंचे तो वकील, छोटे, शहंशाह, आमिर, अनीस और नवाब खान ने पवन, उसके पिता सुरेश, उसके छोटे भाई कुलदीप और दोस्त सरफराज की लाठी डंडो से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया, जिससे चारों घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां इमरजेंसी ड्यूटी पर उपस्थित डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। प्राथमिक उपचार करने के बाद सभी को सर्जीकल वार्ड में भर्ती कर दिया है। वहीँ घायलों की तरफ से सिटी कोतवाली थाने में आरोपियों के खिलाफ शिकायत की गई, जिसपर से पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## समाजसेवी अंजली ने नक्षत्र वाटिका के लिए 51 बिल्व के पौधे दान किए



मुरैना। मंगलवार को पोरसा तहसील में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया एवं वसुंधरा श्रृंगार सामाजिक संगठन भिंड की टीम को 51 साक्षात भगवान शिव स्वरूप बिल्वपत्र के पौधे दान किये। जन्मदिन के अवसर पर अंजलि तोमर ने संकल्प लिया कि शीघ्र ही मुरैना जिले में भी नक्षत्र वाटिका की नींव रखी जाएगी। संगठन के अध्यक्ष हरेकृष्ण शर्मा आजाद ने बताया कि मुरैना जिले की समाज सेवी अंजलि तोमर ने जन्म दिवस के अवसर पर 51 साक्षात भगवान शिव स्वरूप विल्प के पौधे दान किये एवं पौधारोपण किया गया, वहीं आगे नक्षत्र के पौधों को नक्षत्र वाटिका में रोपा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल समाज में एक सकारात्मक परिणाम लाएगी। इस मौके पर अंजलि तोमर ने बताया कि वर्तमान समय में बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग पर्यावरण प्रदूषण घटती वनभूमि के साथ-साथ कोरोना वायरस से जहा विश्व में त्राहि-त्राहि है, वहीं अब युवाओं, महिलाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों को धरती माता के कष्ट को दूर करने के लिए एवं पर्यावरण संरक्षण करने के लिए अपने जन्मदिन एवं अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर वृक्षारोपण करना चाहिए। चम्बल सभाग प्रभारी शशिकांत मरैया ने बताया कि वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती, इसलिए हम सभी को अपनी खुशी के अवसरों पर एक पौधा लगाकर उसको बढाने का संकल्प लेना चाहिए जो समृदिध दायक होता है। जिला युवा प्रभारी मुरैना शशि कुशवाह ने बताया कि हर व्यक्ति को अपने जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और दूसरों को इसके लिए प्रेरित करना चाहिए, तभी हरित वातावरण की स्थापना संभव है।

## छोटी बहू ही निकली सास ससुर की हत्यारी, नींद की गोलियां खिलाकर किया काम तमाम

**बानमोर पुलिस ने किया राठौर दंपत्ति हत्याकांड का खुलासा, आरोपी बहू को भेजा जेल**

मुरैना। 11 दिन पूर्व बानमोर के बुद्धिपुरा हाईवे पर निवास करने वाले राठौर दंपति की रात्रि में कुल्हाड़ी से काटकर हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया तो पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। क्षेत्र में हुए दोहरे हत्याकांड से पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे, 12 दिन की मेहनत के बाद पुलिस ने रहस्यमय हत्याकांड की गुत्थी सुलझाते हुए मामले का पर्दाफाश किया और दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने वाली छोटी बहू नीरज राठौर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन में बानमोर थाना प्रभारी वीरेश कुशवाह ने घटनास्थल पर मिले साक्ष्यों एवं एफएसएल रिपोर्ट के पश्चात छोटी बहू नीरज पत्नी गिर्राज राठौर 26 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार सियाराम राठौर के घर में उसकी पत्नी पूजा राठौर की मालकी चलती थी तथा छोटी बहू नीरज घर की मालकिन बन्ना चाहती थी। वर्चस्व की लड़ाई को लेकर नीरज मन ही मन में परिवार के प्रति द्वेष रखने लगी, धीरे-धीरे ससुराली जनों द्वारा उसे और अधिक दरकिनार किया जाने लगा। बताया जाता है कि मकान में पार्टीशन था जिसमें एक तरफ सियाराम राठौर एवं उसकी पत्नी उषा, छोटा लड़का गिर्राज व उसकी पत्नी नीरज साथ में रहते थे तथा दूसरे और नीरज की जेठानी रहती थी। हाल ही में सियाराम राठौर ने एक प्लॉट जेठानी के नाम कर दिया था तथा एक प्लॉट बेचकर उसकी रकम ऊषा को सौंप दी। इस हरकत का नीरज पर और असर पड़ गया, जिससे उसके मन में परिवार के प्रति बदला लेने की कसक उठने लगी। थाना प्रभारी के अनुसार उसका पति गिर्राज भी उस पर ज्यादा विश्वास नहीं करता था, जिस कारण वह और अधिक विचलित होने लगी। इधर सियाराम राठौर एवं उसकी पत्नी खेतों पर काम करने चले जाते थे तथा दिन में नीरज दुकान पर बैठती थी, जिस कारण लोग उसे जानने पहचानने लगे। इसी दौरान एक ट्रक वाले से उसकी पहचान हो गई तथा उसने ट्रक वाले से 10 फरवरी को नींद की गोलियां मंगवा ली। उसी दिन देर शाम को नीरज ने अपने सास-ससुर सियाराम राठौर एवं उषा राठौर को चाय में नींद की गोलियां मिलाकर पिला दी और उनके गहरी निंद्रा में सो जाने का इंतजार करने लगी। जब वह अचेत अवस्था में पहुंच गए तथा घर में कोई नहीं था, तब

# पोरसा तहसीलदार नरेश शर्मा के विरूद्ध विद्यार्थी परिषद ने दिया ज्ञापन




मुरैना। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पोरसा तहसील के प्रभारी तहसीलदार नरेश शर्मा द्वारा विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के साथ अभद्रता करने व अपने पद का दुरूपयोग कर कार्यवाही किए जाने के विरोध में मुरैना कलेक्ट्रेट का घेराव और प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पदाधिकारियों ने बताया कि पोरसा तहसील के प्रभारी तहसीलदार नरेश शर्मा ने परिषद का कार्यकर्ता जो कि अपने रिश्तेदार के यहां पर खड़ा था उसे बिना किसी वजह के अपने वाहन में ले जाकर थाने में बंद कर दिया। जब वहां पर अन्य कार्यकर्ता आए तो सभी पर कानूनी कार्रवाई तथा अपमानजनक शब्दों का उपयोग किया व सभी कार्यकर्ताओं पर कानूनी कार्रवाई की गई, उनमें से अधिकतर छात्र हैं। उक्त मामले में विद्यार्थी परिषद मुरैना कलेक्टर से मांग करता है कि वहां के तहसीलदार नरेश शर्मा को पोरसा तहसील से तत्काल हटाया जाए, जिससे पीडित छात्रों को न्याय मिल सके। छात्रों ने प्रशासन को आगाह करते हुए कहा कि उचित कार्रवाई ना होने की स्थिति में एबीवीपी उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन की होगी। ज्ञापन में उपस्थित विभाग संगठन मंत्री धर्मेंद्र दांगी, जिला संयोजक अर्जुन घुरैया, नगर अध्यक्ष दिनेश यादव, जिला एसएफएस प्रमुख मानवेंद्र जादौन, सतेंद्र सिकरवार, नगर सहमंत्री रामनिवास गुर्जर, लोकेंद्र गौर, कॉलेज अध्यक्ष आर्यन उपाध्याय, कॉलेज मंत्री कपिल भारद्वाज, आदर्श शर्मा, हर्ष तिवारी, गोपाल राजपूत, सहदेव शर्मा, गौरव सेमिल, श्रीराम उपाध्याय, शिवम तोमर, यगदत्त शर्मा, प्रेम शर्मा, सक्षम गोयल, शिवम शर्मा, अभय शर्मा, मनीष सिकरवार, लक्ष्मीनारायण, अंकित मंगल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शक्कर कारखाना बचाओ आंदोलन: घेरा डालो-डेरा डालो आंदोलन शुरू, रात को भी रुकेंगे कार्यकर्ता गण



कैलारस। शक्कर कारखाने को बचाने के लिए, नीलामी रद्द करने के लिए, शक्कर कारखाना चलाने के लिए, किसान कर्मचारियों का बकाया भुगतान कराने, शेयरहोल्डर्स की मीटिंग बुलाए जाने की मांग को लेकर संयुक्त मोर्चा का घेरा डालो-डेरा डालो आंदोलन शुरू हुआ। यह आंदोलन आज 23 फरवरी को दोपहर तक जारी रहेगा। रात्रि को भी कार्यकर्ता गण सड़क पर रुककर करेंगे जागरण। इस आंदोलन मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी, आजाद समाज पार्टी, एसएफआई, डी वाई एफ आई, जनवादी महिला समिति, सीटू, किसान कांग्रेस सहित दर्जनों संगठन शामिल हैं। आन्दोलन के दौरान आयोजित आम सभा को सबलगढ़ विधायक बैजनाथ कुशवाह, पूर्व विधायक महेश दत्त मिश्रा, सोने राम कुशवाह, माकपा नेता अशोक तिवारी, कांग्रेस के मानवेंद्र सिंह सिकरवार गांधी, जिलाध्यक्ष विष्णु अग्रवाल, बृजमोहन मरैया, बसपा के नंदलाल खरे, डॉक्टर शरीफ कुरैशी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमल रावत, राम लखन धाकड़, उदय राज सिंह, बॉबी धाकड़, इब्राहिम शाह, राजवीर सिंह धाकड़, कृष्ण प्रजापति, शोभाराम त्यागी, ओम प्रकाश शर्मा, मोहन रसोईया, राजेश गुप्ता, विशाल शर्मा, गौतम बौद्ध रामनिवास आदि ने संबोधित किया।




## ट्रक ने ईको वैन में टक्कर मारी, सत्संग में ग्वालियर जा रहे 9 लोग



मुरैना। नूराबाद थाना क्षेत्र के टेकरी हाईवे पर मंगलवार की दोपहर एक ईको वैन में लापरवाह ट्रक चालक ने रोंग साइड में चलते हुए आगे से टक्कर मार दी, जिसमें वैन में सवार 9 महिला व पुरुष घायल हो गए। सभी घायलों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है, घटना के बाद तक चालक फरार बताया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आगरा उत्तर प्रदेश से एक ईको वैन क्रमांक यूपी 80 ई एक्स 3744 में एक दर्जन महिला व पुरुष ग्वालियर में आयोजित सत्संग समारोह में शामिल होने के लिए मुरैना से होते हुए ग्वालियर जा रहे थे, जैसे ही उनकी गाड़ी टेकरी के पास हाईवे पर पहुंची, तभी रोंग साइड में आ रहे एक ट्रक चालक ने सामने से बेन में टक्कर मार दी, जिससे बेन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस सड़क दुर्घटना में वैन में सवार 9 महिला व पुरुष घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। नूराबाद थाना पुलिस ने ट्रक चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। घायलों में गुड्डी पत्नी मंगेश जाटव उम्र 45 वर्ष निवासी जौरेठा आगरा, शीला पति राजेन्द्र 50 वर्ष, ऊषा पत्नी पुरूषोत्तम जाटव 60 वर्ष, गोला पुत्र रामनाराय जाटव विलास गंज आगरा, सविता पुत्र अमर सिंह जाटव उम्र 23 वर्ष, मीरा पत्नी निहाल सिंह 45 वर्ष, मनीषा पुत्री मान सिंह 20 वर्ष शाहगंज आगरा,कविता पति मुकेश जाटव उम्र 25 वर्ष, प्रिया पत्नी नितिन 24 वर्ष निवासी आगरा, संतोष पति नरेश बाबू 42 वर्ष आगरा शामिल हैं।

## नाबलिग की हत्या एवं बलात्कार के मामले में फरार 5 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार



कैलारस। नाबालिग से बलात्कार एव हत्या के मामले में पिछले 2 माह से फरार चल रहे अभियुक्त को चिन्नौनी थाना पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के मार्गदर्शन म संगीन अपराधों में फरार बदमाशों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना चिन्नोंनी पुलिस द्वारा हत्या एवं बलात्कार के मामले में 02 माह से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। विदित हो कि 17 दिसंबर 2021 को थाना चिन्नोंनी के अंतर्गत आने बाली चौकी झुण्डपुरा के गांव सिंगपुरा में मृतिका के पिता द्वारा थाना चिन्नोंनी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी कि दो आरोपियो द्वारा खेत में अपने पिता को खाना देने जाते समय मृतिका को 02 आरोपीगणो द्वारा बीहड में पकड लिया तथा उसके साथ जबरदस्ती कर जहर पिला दिया, जिससे मृतिका की दौराने उपचार मृत्यु हो गई। जिस पर से थाना चिन्नौनी में अपक्र 200/21 धारा 376 ( डी ), 302, 34 भादवि 3/4 पोक्सो एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। उक्त घटना को पुलिस अधीक्षक द्वारा गंभीरता से लेते हुये आरोपीगणों की गिरफ़्तारी पर रूपये 5-5 हजार का ईनाम घोषित किया गया था। उक्त प्रकरण में थाना प्रभारी चिन्नौनी उनि अविनाश सिहं राठौड को सोमवार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की घटना का एक आरोपी रात्रि में अपने घर ग्राम सिंगपुरा आया है, जिस पर कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने रात्रि को उक्त आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना चिन्नौनी के थाना प्रभारी उनि अविनाश सिंह राठौड, उनि आर एन शर्मा, चौकी प्रभारी झुण्डपुरा सउनि सोबरन सिहं, राजेश कुमार, आर. सतेन्द्र गुर्जर, अजीत जाट, गौरव जाट, मोहन के अलावा लवकुश शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

# एसपी के निर्देशन पर कोतवाली पुलिस ने अवैध रेत परिवाहन करते हुए डम्फर को किया जब्त

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़ अजय खंगार**

टीकमगढ़। जिलेभर में लंबे समय से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। प्रशासन और खनिज विभाग के भी इस पर रोक नहीं लगा पा रहे हैं। यही कारण है कि हर रोज इस तरह के दर्जनों वाहन टीकमगढ़ से भी गुजरते हैं।

जिसको देखते हुए टीकमगढ़ एसपी प्रशांत खरे के निर्देशन पर अवैध रेत कारोबारियों पर शिकंजा कसा जा रहा है जिसके चलते मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने संतोषी माता मंदिर से पीछा करते हुए जिला जेल के ठीक सामने अवैध देश से मेरे नंबर को अपने कब्जे में लेकर कोतवाली थाना परिसर में जप्त किया गया। वही उक्त कार्यवाही में कोतवाली थाने में पदस्थ एएसआई अंकित दुबे, आरक्षक कपिल शर्मा, आशीष भट्ट, अनुराग सिंह चन्देल सहित अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही। रेत का कारोबार लंबे से चल रहा है। इसमें अवैध परिवहन के भी हर रोज मामले सामने आते हैं। रेत का अवैध परिवहन दो तरह से किया जाता है।

एक तो माफिया बिना रायल्टी चुकाए रेत ले जाता है। इसी तरह कुछ




वाहन चालक पुरानी रायल्टी रसीद पर ही वाहनों को निकालने का प्रयास करते हैं। इसके साथ ही वाहनों में क्षमता से अधिक रेत भरकर ले जायी जाती है। ऐसे में हर रोज लाखों रुपए के राजस्व का चूना प्रशासन को लगाया जा रहा है।

### कोतवाली पुलिस ने अवैध रेत से भरे ट्रक पर की कार्रवाई

निकलते हैं हर रोज सैकड़ों वाहन, दे देते हैं जुर्माना अवैध परिवहन के कारोबार की हालत इस कदर है कि रेत माफिया पर कार्रवाई करने के बाद भी वह सुधरते नहीं हैं। उन्हें पता रहता है कि जो निर्धारित जुर्माना होता है वह तो देना ही है। इसलिए वह सीधे फाइन जमा कर वाहन को छुड़ा लेते हैं। इसी तरह का खेल लंबे समय से चल रहा है। वही मंगलवार की दोपहर कोतवाली पुलिस को सूत्रों के द्वारा जानकारी मिली की संतोषी माता मंदिर के पास अवैध रेत से भरे ट्रक सेक्टर में रेत पार्टी की जा रही थी जिसको लेकर कोतवाली पुलिस ने पहुंच कर दबिश दी इसी दौरान ट्रैक्टर पहले ही भाग चुका था वही उक्त ट्रक संतोषी माता मंदिर से अस्पताल चौराहे की तरफ भागने लगा जिसको देखकर कोतवाली पुलिस ने जिला जेल परिसर के सामने ट्रक को ओवरटेक कर अपने हिरासत में लेकर कोतवाली परिसर में ना कर कानूनी कार्रवाई की गई।

## दतिया कलेक्टर श्री संजय कुमार ने की जनसुनवाई सुनी लोगों की समस्याएं।



**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

राज्यशासन के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार को लोगों की समस्याओं के निराकरण हेतु आयोजित होने वाली जन सुनवाई के दौरान आज मंगलवार को कलेक्टर श्री संजय कुमार ने अधिकारियों के साथ जिले के विभिन्न हिस्सों से आए नागरिकों की समस्याओं को पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए उनके निराकरण की कार्रवाई की। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कमलेश भार्गव सहित जिला अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### कई विभागीय अधिकारी जनसुनवाई से रहे नदारद जनसुनवाई को लगाया जा रहा है पालिता




दैनिक पुष्पांजलि टुडे ब्यूरो अजय खंगार

टीकमगढ़। जनसुनवाई यानी कि जनता की सुनवाई का वह दिन जिस दिन अधिकारी जिला मुख्यालय पर बैठकर जनता की समस्याओं को सुनते हैं। बरिष्ठ अधिकारियों के माध्यम से संबंधित विभाग को जनता की समस्याएं निराकरण के लिए आदेश दिए जाते हैं, लेकिन मंगलवार को जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर सौरव मिश्रा एवं डिप्टी कलेक्टर खालको एवं कुछ 2- 4 ही अधिकारी मौजूद रहे। बाकी अन्य अधिकारियों ने जनसुनवाई में जाना मुनासिब नहीं समझा और सभी कुर्सियां खाली नजर आये। ऐसे में जनता की जन सुनवाई कैसे पूर्ण होगी और समस्या का निराकरण कैसे होगा जनता के साथ छलावा जनता को पीड़ा दाई बनता जा रहा है। इस पर बरिष्ठअधिकारियों को ध्यान देना चाहिए ताकि जनता को मिलने वाला एक दिन उन्हें पूरा मिल सके और उनकी समस्याओं का निदान हो सके।

## स्काउट गाइड में मनाया विचार दिवस

**महेन्द्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग पुष्पांजली टुडे**

**भिंड।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ भिंड द्वारा स्काउटिंग के जनक रावर्ट स्टीफेनसन लार्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल का जन्म 22 फरवरी को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में मनाया गया, स्काउटिंग के फाउंडर बेडेन पावेल का जन्म एक विचार दिवस के रूप में पूरे देश में नहीं पूरे विश्व में मनाया जा रहा है, मुख्य रुप से जिला शिक्षा अधिकारी श्री हरि भुवन सिंह तोमर , एवं खंड शिक्षा अधिकारी श्री श्याम किशोर भरद्वाज विकासखंड मेहगांव, उपस्थित रहे कार्यक्रम जिला संगठन आयुक्त स्काउट श्री अतिबल सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रेखा भदौरिया रेंजर लीडर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सुरपुरा ने किया, कार्यक्रम के दौरान बच्चों के द्वारा लघु नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं लोक नृत्य किए गए , कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री तोमर द्वारा स्काउटिंग की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए, स्काउटिंग को एक



स्थायित्व कार्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र देने का आश्वासन दिया, कार्यक्रम में स्काउटिंग के फाउंडर मैडम पागल जी एवं उनकी धर्मपत्नी लेडी बेडेन पावेल के जीवन परिचय पर अतिबल सिंह द्वारा विस्तार से बताया गया, कार्यक्रम में डीटीसी गाइड श्रीमती कीर्ति भदोरिया द्वारा गाइडिंग की गतिविधियों को विस्तार से क्रियावन करने हेतु एक योजना तैयार की, इसी दौरान श्रीमती मधुबाला सिंह तोमर द्वारा बच्चों को संस्कृत कार्यक्रम पूर्ण निष्ठा के साथ तैयार कराएं, श्री राम केशव राठौर सह जिला सचिव भारतीय स्काउट गाइड जिला भिंड द्वारा रोवरिंग के बारे में विस्तार से बताया, इसी क्रम में सहयोगी के रुप में श्री त्रियोगी नारायण शर्मा ब्लॉक सचिव मेहगांव, प्राचार्य श्री श्याम सिंह भदोरिया,श्री संजीव सिंह, श्री पवन कुमार, कुं. नम्रता ओझा, मीटू गोयल, आदि उपस्थित रहे।

## भारत सरकार केंद्रीय उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्वर्गीय राजस्व मंत्री लक्ष्मी नारायण गुप्ता जी को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



पिछोर, आज एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे भारत सरकार केंद्रीय उद्यान मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जिन्होंने आज पूर्व राजस्व मंत्री लक्ष्मी नारायण गुप्ता जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी साथ ही आज पिछोर क्षेत्र की जनता ने श्रीमंत महाराज साहब का भव्य स्वागत किया और हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी श्रीमंत द्वारा उद्बोधन किया गया साथ ही बीजेपी कार्यकर्ताओं में बड़ा हर्ष देखा गया बड़े ही धूमधाम से ढोल नगाड़ों के साथ एवं बाजों के साथ श्रीमंत का जोरदार स्वागत किया आज राजस्व मंत्री जी के निज निवास पर जाकर उनको श्रद्धांजलि दी जिसमें उपस्थित रहे पिछोर एसडीएम जेपी गुप्ता एवं श्रीमती आरबी त्रिपाठी महिला अध्यक्ष एवं स्वर्गीय पूर्व राजस्व मंत्री लक्ष्मी नारायण गुप्ता जी के सुपुत्र रमेश गुप्ता जी भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे

## पूज्य कथावाचक कुंजबिहारी शास्त्री महाराज ने सुनाई भगवान श्री कृष्ण जन्म की कथा

### नंद के आनँद भयो जय कन्हैया लाल की

### ग्राम बरहा में चल रही भागवत कथा सुनकर भाओ बिभोर हुए श्रद्धालु

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**लहार-** ग्राम बरहा में चल रही कथा मे पूज्य कथा वाचक कुंजबिहारी शास्त्री जी महाराज ने भगवान के बालचरित्र की कथा सुनाई,भगवान के जन्म के उपरांत पूरा पंडाल जगमगा उठा और नंद के आनँद भयो जय कन्हैया लाल की गूँज से पंडाल गूँज उठा महाराज श्री के द्वारा सुंदर भजन गायन के द्वारा भगवान के जन्मोत्सव के आनँद को आनंदित कर दिया।वही भगवताचार्य पूज्य कुंजबिहारी शास्त्री जी महाराज ने कहा की माता पिता की सेवा सबसे बढ़ा पुण्य होता है उन्होने कहा माता पिता संसार मे प्रत्यक्ष देवता है इनकी सेवा ही सबसे बढ़ा भजन है आप भजन न करे ,मंदिर न जाये ,कथा न सुने चलेगा पर यदि आप अपने माता पिता की सेवा नही करते है तो नही चलेगा ,जो व्यक्ति अपने मातापिता को कष्ट देता है वो जीवन मे कभी सुखी नही रेह सकता ,माता पिता की आँखो से जीवन मे सिर्फ दो ही वार आँसू निकलते है एक जब बेटी घर छोड़कर जाती है तब और दूसरा जब बेटा मुख मोड़ता है तब ,भगवान राम ने भी कहा है की वही पुत्र भाग्यवान होता है जो माता पिता के वचनों को मानता है ऐसे व्यक्ति की मुट्ठी मे पुण्य के चारो पदार्थ होते है अर्थ ,धर्म ,काम ,मोक्ष ,जिनको माता पिता के लिये बेटा प्राणों से प्रिये होता है,बेटे के लिय कितने भी कष्ट सहन करते है कितनी भी सर्दी पड़ रही हो बालक यदि बिस्तर पर पिसाब कर लेता है तो माँ उसे सूखे मे लेटाकर खुद रात भर गीले मे लेटी रेहती है एक माता के कितने भी बच्चे हो उनका पालन पोषण करने मे उसे कभी कोई कष्ट नही होता है पर विडंबना तो ये है की जब वह बूँडे हो जाते है तब 10 पुत्र भी मिलकर अपने माता पिता को सुखी नही रख पाते यह व्याख्यान उन्होने भागवत कथा के दौरान कहे इस मौके पर कथा के पारीक्षत श्री मुन्नालाल उपाध्याय एवम श्री अंजनी उपाध्याय ने क्षेत्र के लोगो से ज्यादा से ज्यादा कथा अम्रत पान करने का निवेदन किया है उन्होंने कहा भागवत कथा अमृतपान कर अपने जीवन को सफल बनायें।



## कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन के लिए विधायक वीरेन्द्र रघुवंशी को सौंपा ज्ञापन

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-- पुरानी पेंशन बहाली संघ न्यू मूवमेंट फ़ॉर ओल्ड पेंशन संघ के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत एवं प्रांतध्यक्ष सत्येंद्र सिंह तिवारी के निर्देश पर मध्य प्रदेश के समस्त विधायकों को 1 जनबरी 2005 से नियुक्त कर्मचारियों,अधिकारियों की पुरानी पेंशन को बहाल करवाने हेतु हेतु ज्ञापन दिए जा रहे हैं इसी क्रम में आज शिवपुरी जिले मैं जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह के आव्हान पर कोलारस विधायक वीरेन्द्र रघुवंशी जी को संघठन के राजेश सोनी,बालूराम रावत द्वारा पुरानी पेंशन बहाली हेतु ज्ञापन दिया गया संघ के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत द्वारा विधायक महोदय को बताया गया कि प्रदेश के लाखों कर्मचारी पुरानी पेंशन के लिए लगातार संघर्षरत हैं न्यू पेंशन स्कीम शेयर मार्केट आधारित है इससे कर्मचारियों के साथ-साथ सरकार को भी राजस्व का घाटा हो रहा है क्योंकि 10त्न अंशदान कर्मचारी के वेतन से लिया जाता है और 14त्न अंशदान सरकार द्वारा दिया जाता है जो प्राइवेट कंपनी के खातों में जा रहा है कर्मचारियों को पेंशन भी प्राइवेट कंपनी देगी यदि सरकार पुरानी पेंशन बहाल कर कर्मचारियों के अंशदान को जी.पी.एफ. में बदल दे और सरकार द्वारा जो 14 त्न अंशदान दिया जा रहा है ये करोड़ो रूपये सरकार के बचेगे उससे सरकार के राजस्व में करोड़ों रुपए की बचत होगी माननीय विधायक महोदय से आग्रह किया गया कि प्रदेश के 6 लाख से अधिक कर्मचारियों की आवाज को आप विधानसभा के पटल तक पहुंचाएं एवं सरकार से मांग करें कर्मचारियों की आत्मा पुरानी पेंशन को बहाल करे माननीय विधायक महोदय द्वारा आश्वस्त किया गया कि मैं आपकी आवाज को विधानसभा के माध्यम से सरकार तक पहुंचाऊंगा माननीय मुख्यमंत्री महोदय से आपकी मांग के लिए बात कर आपकी पुरानी पेंशन के समाधान का प्रयास करूंगा में आपके साथ हूं ज्ञापन मैं जनक सिंह रावत,गोपाल शर्मा,दीपक मांझी,राजेश सोनी,बालूराम रावत,कुलदीप सिंह,विनय,सुल्तान आदिवासी,पीतम शाक्य,संदीप कुलश्रेष्ठ,अशोक त्यागी,बीकू सोनी,मनोज कुमार,सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे





## बीहड़ में चल रही थी अवैध शराब फैक्ट्री पर आबकारी विभाग की दबिश

### आबकारी उपनिरीक्षक अजीत यादव की कार्यवाही


**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड**-कलेक्टर भिंड श्री सतीश कुमार एस,उपायुक्त आबकारी श्री एन के चौबे स.उ.द.ग्वालियर के निर्देशन एवम् जिला आबकारी अधिकारी भिंड श्रीमती बसंती भूरिया,सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री ए एस सिसोदिया के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा वृत्त भिण्ड क्रमांक 01 में अवैध मदिरा के विक्रय,निर्माण,परिवहन,धारण के विरुद्ध लगातार की जा रही कार्यवाही के दौरान मंगलवार दिनांक 22.02.2022 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम सिंहुडा चौकी अकोड़ा थाना ऊमरी क्वारी नदी के बीहड़ में आबकारी बल द्वारा दबिश दी ।आबकारी बल को आता देख आरोपी बीहड़ में भागने में कामयाब हुआ ।समक्ष गवाहन तलाशी ली तो एक केन 50 लीटर धारित क्षमता की जिसमें देशी मदिरा प्लेन भरी पाई तथा एक गत्ते के कार्टून में 23 पाव देशी मदिरा प्लेन के भरे हुए बिना लेबल के 300 खाली क्वार्टर,250 ढक्कन बरामद हुए ।मदिरा की कुल मात्रा 54.14 लीटर पाई समक्ष गवाहन मौके पर समस्त मदिरा व सामग्री को विधिवत् जप्त कर कब्जे आबकारी लिया ।उक्त कृत्य मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(च),34(2) का दंडनीय घटित पाए जाने से अज्ञात के विरुद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। जप्त मदिरा व सामग्री की अनुमानित कीमत रु 20000/- है। प्रकरण के आरोपी की तलाश जारी है ।उपरोक्त कार्यवाही में अजीत यादव आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त भिण्ड क्रमांक 01,आबकारी आरक्षक हरिओम शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

# देहात थाना पुलिस ने अवैध रेत परिवहन करते पाये जाने पर टैक्टर ट्राली एवं अवैध शराब जप्त की

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़ अजय खंगार**

**टीकमगढ़।** देहात थाना प्रभारी नासिर फारुकी वाहन की टीम के द्वारा आज तो कार्रवाई की गई हैं। जिनमें अवैध रेत एवं अवैध शराब पर कार्यवाही को अंजाम दिया गया है, बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक प्रशांत खरे के निर्देशन एंव अतिरिक्त पुलिस एम एल चौरसिया एव एस . डी.ओ. ( पी ) के . पी . सिंह के मार्गदर्शन में अवैध शराब अवैध हथियार अवैध रेत उत्खनन की धरपकड हेतु अभियान चलाया जा रहा है जो थाना देहात क्षेत्र में अवैध शराब / हथियार / रेत उत्खनन की धरपकड हेतु एक टीम गठित कर रवाना की गई थी। जो मुखविर द्वारा सूचना दी गई, कि ब्रजेश पिता बेताली यादव उम्र 28 साल नि 0 बेलयाना कारी का स्वराज ट्रैक्टर ट्राली में रेत भरकर वगाई खिरक कारी से ग्राम कारी तरफ जा रहा है। उक्त सूचना की तस्दीक करने पर ब्रजेश पिता बेताली यादव उम्र 28 साल नि 0 बैलयाना कारी पर एक स्वराज ट्राली में चोरी से रेत



भरकर अवैध रूप से परिवहन करते हुये पाया गया आरोपी के कब्जे से विधिवत ट्रैक्टर ट्राली मय खनिज रेत के जप्त कर आरोपी ब्रजेश पिता बेताली यादव उम्र 28 साल नि 0 बेलयाना कारी के विरूद्ध थाना देहात में अप 0 क्र 0 53/22 धारा 379 के तहत कार्यवाही की गई । उक्त कार्य करने में उनि 0 संतोष सिंह आर 0 527 अवनीश आर 0 581 सतीश दुबे चालक प्रआर 0 331 केशव यादव की सराहनीय भूमिका रही है।

वही अवैध शराब पर भी देहात थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही को अंजाम दिया गया है बताया गया है कि आरोपी सुरेंद्र निवासी धजरई टीकमगढ से अवैध कच्ची महुआ की शराब 60 लीटर जब्त की गई है। थाना देहात क्षेत्र में अवैध शराब / हथियार / रेत उत्खनन की धरपकड हेतु एक टीम गठित कर रवाना की गई थी, जो मुखविर द्वारा सूचना दी गई, कि सुरेंद्र पिता नंदलाल लोधी निवासी उम्र 30 साल निवासी धजरई का अपने घर के वेडा में महुआ की कच्ची शराब रखे है जो उक्त सूचना की तस्दीक करने पर सुरेंद्र के कब्जे से 4 प्लास्टिक के डिव्वो में कुल 60 लीटर महुआ की कच्ची शराब अवैध रूप से पाये जाने पर आरोपी सुरेंद्र लोधी से शराब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध अप 0 क्र 0 55/22 धारा 34 ( 2 ) आबकारी एकट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्य करने में उनि प्रदीप तिवारी प्रआ रविन्द्र प्रआर तरवेज प्रआर राकेश आर गोविंद चालक प्रआर केशव यादव की सराहनीय भूमिका रही है।

## हर्ष की निर्मल हत्या के आरोपी को फांसी की सजा देने की मांग



**पुष्पाजली टुडे**

**मैसूरु**–मंगलवार चामराजा क्षेत्र भाजपा युवा मोर्चा के तत्वावधान में गांधी चौक पर शिवमोगा में बजरंग दल के कार्यकर्ता हर्ष की निर्मम हत्या के विरोध में धरना प्रदर्शन कर हत्यारो को गिरफ्तार कर फांसी की सजा देने की मांग की गई द्य इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे द्य

## डॉ अखिल बंसल आचार्य विद्यानंद पुरस्कार से सम्मानित

**जयपुर।** वरिष्ठ पत्रकार समन्वय वाणी के संपादक, अभा जैन पत्र संपादक संघ, अभा दि जैन विद्वत्परिषद् एवं सोशल मीडिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ अखिल बंसल को 20 फरवरी को आचार्य श्रुतसागर के 35 वें दीक्षा दिवस समारोह में कुंदकुंद भारती न्यास दिल्ली की ओर से एक लाख ग्यारह हजार की राशि के साथ आचार्य विद्यानंद पुरस्कार से सम्मानित करते हुए जैनधर्म विशारद की उपाधि से विभूषित किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश जैन एससीजे की ओर से प्रदत्त राशि के साथ ट्रष्ट के महामंत्री अनिल जैन नेपाल व अन्य ट्रष्टियों द्वारा शाल, माला व तिलक के साथ प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। प्रशस्ति का वाचन जर्नलिस्ट पारुल जैन ने किया। इस अवसर पर आचार्य श्रुतसागर ने अपने आशीर्वचन में डॉ अखिल बंसल द्वारा उनकी पत्रकारिता तथा साहित्यिक अवदान की प्रशंसा करते हुए उनके आचार्य श्री विद्यानंद जी के प्रति समर्पण भाव की सराहना की। इस अवसर पर अ.भा.जैन पत्र संपादक संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन, जिनेश कोठिया, सचिन जैन, राहुल जैन, रितेश जैन, अजीत बंसल, श्रीमती पारुल जैन अ.भा.दि.जैन परिषद के अध्यक्ष चक्रेश जैन, उपाध्यक्ष डी.आर.जैन, महामंत्री अनिल जैन आदि ने बधाई देते हुए शभकामनाएं प्रेषित करते हुए यशस्वी निरामय जीवन की कामना की। स्मरण रहे कि डॉ बंसल ने जे.जे.टी. विश्वविद्यालय झुंझुनू से आचार्य विद्यानंद और आचार्य महाप्रज्ञ के आध्यात्मिक चिंतन का विश्लेषणात्मक अध्ययन विषय पर शोधकार्य कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। आपकी अनेक पुस्तकें, पूजाएं, कामिक्स, भक्तामर काव्य कलश प्रकाशित हैं तथा पूर्व में अनेक पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं।

## शहडोल में राज्य स्तरीय रोजगार दिवस समारोह 25 को

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आगामी 25 फरवरी को शहडोल में राज्य स्तरीय रोजगार दिवस समारोह में ऋण वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री चौहान 5 लाख से अधिक हितग्राहियों को पीएम स्वनिधि योजना, मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना आदि में राशि का वितरण करेंगे। शहडोल जिले के 10 हजार से अधिक हितग्राही लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री चौहान ने मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित समीक्षा बैठक में इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम की सभी तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, प्रमुख सचिव जनसम्पर्क राघवेन्द्र कुमार सिंह, सचिव सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं उद्यम पी. नरहरि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सभी जिलों में होंगे कार्यक्रमः शहडोल के साथ ही 25 फरवरी को सभी जिलों में रोजगार दिवस के कार्यक्रम आयोजित होंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण भी सभी जिलों में करने की व्यवस्था की गई है।

## आज एसडीएम कार्यालय में गूगल मीट द्वारा जनसुनबाई में हुऐ पैतीस आबेदनो का निराकरण...

### ग्राम चतुर की गढी ग्राम पँचायत खिरेटा के बीहडो से अबैध मिट्टी खनन बन्द करबाने ज्ञापन दिया

**केशब पंडित जी अम्बाह...??**

**अम्बाह...** आज मंगलबार के दिन अम्बाह एसडीएम राजीब समाधिया जी ने गूगल मीट द्वारा जनसुनबाई की जिसमें 46 आबेदन आये जिसमें 35 आबेदनो का तुरन्त निराकरण किया गया तथा ग्राम चतुर की गढ़ी पंचायत खिरेंटा के निवासियों ने आज एसडीएम से सामूहिक शिकायत करते हुए कहा कि हमारे गाँव में सरकारी जमीन बीहड़ से अवैध मिट्टी एवं रेत का खनन जेसीबी व ट्रैक्टरों व्दारा प्रतिदिन किया जा रहा है जिससे हम सभी ग्राम वासी अत्यधिक परेशान है। बीहड से प्रतिदिन कई ट्रैक्टरों ट्रॉली भरकर अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा है। जिसकी कोई शासकीय अनुमति भी नहीं है और शाशन को राजस्व का



भी नुक्सान हो रहा है। ग्राम वासियों ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी मोके पर जाकर अवैध रूप से हो रहे मिट्टी खनन को रोक कर उनके खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही करे। साथ ही जे सी बी व ट्रैक्टरो को पुलिस जप्ती में लिया जावे। ज्ञापन देते समय सुरेंद्र सिंह तोमर, रामदत्त शर्मा,



सुरेश, धर्मवीर सिंह तोमर, रोहित प्रजापति, रामनिवास ओझा, वीरेंद्र सिंह, पवन सिंह, आनंद सिंह, बारेलाल, सुरेश ओंकार सिंह, रंजीत, अंकुश, भानु तोमर, शंकर सिंह, प्रमोद शर्मा, जसराम, रामभरत, दीपू सहित अन्य उपस्थित रहे।



## खेरागढ़ में आठ दिवसीय विश्व जन कल्याण एवं रोग निवारण हेतु विशाल श्री लक्ष्मी धन वर्षा यज्ञ का आयोजन

**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर पीटीवी न्यूज़ खेरागढ़**

**खेरागढ़!** खेरागढ़ क्षेत्र के अंतर्गत खेरागढ़ कस्बे में 8 दिवसीय विश्व जन कल्याण एवम रोग निवारण हेतु विशाल श्री लक्ष्मी धन वर्षा यज्ञ एवम् विद्वान् संत समागम,हरि कथा का अद्भुत, भव्य एवं विशाल आयोजन किया जा रहा है यह भव्य ऐतिहासिक आयोजन कस्बा स्तिथ अग्रवाल भवन के प्रांगण में अग्रवाल समाज खेरागढ़ के तत्वाधान में 23 फरवरी 2022 से प्रारम्भ होने जा रहा है जिसकी पूर्णाहुति बुधवार 2 मार्च 2022 को होगी। श्रद्धालु श्री धाम वृन्दावन के श्री भरतलाल जी महाराज की ओजस्वी ललित एवं रसमयी वाणी से अमृत कथा का रसास्वादन करेंगे. यज्ञाचार्य के अनुसार यज्ञ का समय सुबह 8 बजे से 12 बजे तक तथा कथा का समय दोपहर 1 बजे से सायं 4 बजे तक का रहेगा श्री लक्ष्मी धन वर्षा यज्ञ का भव्य आयोजन की मुख्य अतिथि चेयरमेन खेरागढ़ श्रीमती शान्ति देवी व मुख्य यजमान श्रीनिवास गर्ग डूंगरवाला वाले और उनकी धर्मपत्नी प्रमिला गर्ग हैं कार्यक्रम के संयोजक अनिलकुमार गर्ग पूर्व चेयरमेन रहेंगे जानकारी के अनुसार यह यज्ञ खेरागढ़ क्षेत्र के लिए एतिहासिक यज्ञ होगा। सारी तैयारी वृहद स्तर पर की जा रही है।

## कुंडलपुर में नव छुल्लक मुनियों की आहार चर्या के लिए उमड़ी भीड़

**दमोह।** विश्व की विरलतम जैन मंदिरों में गिने जाने वाले प्रसिद्ध तीर्थ स्थल कुंडलपुर में चल रहे जैन महाकुंभ पंचकल्याणक महा महोत्सव के आयोजन के अवसर पर ज्ञान कल्याणक का आयोजन किया गया जिसमें धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जहां भगवान आदिनाथ का अभिषेक, शांतिधारा नित्य पूजन एवं हवन किया गया वही आचार्यश्री का भी पूजन किया गया। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के छठवें दिन ज्ञान कल्याणक पूर्व रूप महोत्सव भक्ति भाव से मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिष्ठाचार्य ब्रा. विनय भैया ने दिव्य मंत्रोच्चार पूर्वक मांगलिक क्रियाओं द्वारा भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन के साथ हुई। उसके बाद ज्ञान कल्याणक पूजन, शांति हवन, ज्ञान संस्कार विधि, समवशरण



की रचना एवं दिव्य देशना आदि धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इसके बाद इन्द्र-इन्द्राणियों ने देव, शास्त्र, गुरू की पूजन के साथ अष्ट द्रव्यों से भगवान की पूजा-अर्चना, स्मरण, ध्यान कर ज्ञान कल्याणक का अर्घ्य समर्पित किया। भगवान आदिनाथ और सभी भगवानों की आहार चर्या की क्रियाएं देखकर श्रद्धालु गदगद हो गए। ज्ञान कल्याणक के दिन मुनिश्री द्वारा प्रतिष्ठारत प्रतिमाओं को सूर्य मंत्र दिया गया तथा सभी प्रतिमाओं का पूजन किया गया। इसके अलावा भगवान का श्रद्धालुओं द्वारा पडगाहन भी किया गया। ज्ञान कल्याणक पूर्व रूप के दिन हजारों श्रद्धालुओं को दिव्य देशना प्रदान करते हुए संत शिरोमणि आचार्यश्री विद्यासागर महाराज ने कहा कि तीर्थंकर भगवान के रूप में धरती पर जन्म लेकर मरण से मुक्ति हेतु मृत्युंजय साधना हैं, मृत्यु पर विजय प्राप्त करने की साधना हैं। आप के घर की लक्ष्मी कह रही हैं कि मुझे ताले में बंद मत करो सोना, चांदी, हीरा सब ले लो पर हमें भी प्रभु के दरबार में मौका मिल जाए।

# खेल को खेल की भावना से खेलें - वाघोणा

### श्री मेघवाल समाज युवा संगठनके संयुक्त तत्वाधान में भव्य क्रिकेट महाकुंभ का आगाज

**पुष्पांजलि टुडे। नरेश कुमार सिरवी**

**रानी पाली ।** निकटवर्ती ईटन्दरा मेडतिया जवाली कस्बे के खेल मेदान मे द्वितीय क्रिकेट प्रतियोगिता के महा कुभ का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष मारवाड़ मेघवाल सेवा संस्थान शाखा रानी पुखाराम वाघोणा व अलखधाम संस्थापक खरताराम दहिया के सानिध्य मे हुआ 7 कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए - वाघोणा ने कहा की हर खिलाडी को खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए । साथ ही अलखधाम अध्यक्ष खरताराम दहिया ने सभी खिलाडीयो का आभार जताया ।प्रदेश कांग्रेस महिला महासचिव रेखा परिहार जवाली ने कहा कि शारीरिक जीवन में खेल बेहद जरूरी होता है और खेल को खेल की भावना से खेलने से हर खिलाड़ी का खेल में मनोबल बड़ा रहता है। प्रदेश कांग्रेस महिला महासचिव का भव्य स्वागत किया गया। कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मण वाघोणा ने बताया कि पहला इनाम इक्कीस हजार रुपये व दुसरा इनाम ग्यारह हजार रूपये राशि दी जायेगी। 5 दिन चलने वाली प्रतियोगिता मे 25 से जादा टिमे भाग लेगी । श्री मेघवाल समाज युवा संगठन सात गाव द्वारा बाहर से आये अतिथियो व भामाशाहो का मान सम्मान किया ।उदघाटन मेच नाडोल वसेज खिंवाड़ा के बीच खेला गया । जिसमे नाडोल ने जीत हासिल की । दुसरा मैच देवली पाबुजी वसेज पादरली तुर्कान के बीच खेला गया जिसमे देवली पाबुजी ने जीत हासिल कि द्व तीसरा मैच खरोकड़ा वसेज पोटलिया के बिच खेला गया जिसमे पोटालियाने जित हासिल की ।





**ये रहे मौजूदः** अध्यक्ष लक्ष्मण वाघोणा, उपाध्यक्ष तोलाराम परिहार, पूर्व अध्यक्ष मारवाड़ मेघवाल सेवा संस्थान शाखा रानी पुखाराम वाघोणा, अलखधाम पाली संरक्षक खरताराम दहिया, प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव रेखा परिहार, भाजपा एससी मोर्चा जिला मंत्री नारायण मेंशन,महेश परिहार कृषि पर्यवेक्षक,वकील मनोज रांगी रानी, प्रकाश भादरलाऊ, ओम आदरा देवली पाबुजी, सुनील जोगसन, दिलीप मैंसन, गोरधन आगलेचा,गुणेश वाघोणा,मुकेश जवाली, ढलाराम परिहार,रा?




## नवल नृत्यों से झूम उठा खजुराहो

### खजुराहो नृत्य महोत्सव का दूसरा दिन रहा ओडिसी, कथक, भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी नृत्य के नाम

**भोपाल।** नृत्यों में जीवन का आनंद है और सार भी। जब कोई कलाकार नृत्यरत होता है तो वह किसी न किसी रूप में विचार, वातावरण, अध्ययन और अहसास को अपने नृत्य में समाहित करता है। नृत्य- मुद्राओं और भाव भंगिमाओं के जरिये कलाकार के मन की बात दर्शकों तक संप्रेषित हो जाती है। नृत्य की भाषा का ये जादू 48वें खजुराहो नृत्य समारोह के दूसरे दिन ओडिसी, कथक, भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी नृत्य के रूप में देखने को मिला। पहली प्रस्तुति देश की जानी मानी ओडिसी नृत्यांगना भुवनेश्वर की सुजाता महापात्रा के हृदयग्राही ओडिसी नृत्य से दी। इसके बाद बैंगलोर की नृत्य जोड़ी निरुपमा - राजेन्द्र ने भरतनाट्यम और कथक की जुगलबंदी पर आधारित नृत्य रचना समागम की ओजपूर्ण प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन पद्मश्री जयरामाराव एवं उनके साथियों के कुचिपुड़ी नृत्य से हुआ।विश्व विख्यात ओडिसी नर्तक पंडित केलुचरण महापात्रा की बहू और शिष्या सुजाता ने अपनी नृत्य प्रस्तुतियों से संस्कृति के ऐसे रंग भरे कि रसिक दर्शक मुग्ध हो गए। उन्होंने अपने नृत्य की शुरुआत पारंपरिक मंगलाचरण से की। इसमें उन्होंने प्रथम पूज्य गणेश जी की वंदना की। इसके बाद आदि शंकराचार्य कृत अर्धनारीश्वर पर मनोहारी नृत्य की प्रस्तुति दी। रागमाला के विभिन्न रागों और विविध तालों में सजी इस प्रस्तुति में सुजाता जी ने शिव और पार्वती दोनों का ही भावपूर्ण अभिनय किया। संस्कृत की इस पोएट्री में शिव और पार्वती के मंगलकारी स्वरूप का वर्णन है। सुजाता जी ने इसे भावों में पिरोते हुए बड़े ही सम्मोहक तरीके से पेश किया। इस प्रस्तुति में उन्होंने अंग-प्रत्यंग-उपांग के अनेक चलन को स्वर-लय-ताल के आवर्तनों के साथ पेश किया।

# विकास की दौड़ में ग्वालियर को नंबर वन बनायेंगे : मुख्यमंत्री श्री चौहान

### मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किया नवनिर्मित जिला पंचायत व राजस्व भवन और वीर सावरकर सरोवर जीर्णोद्धार व म्यूजिकल फाउण्टेन का लोकार्पण

### केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर व श्री सिंधिया भी शामिल हुए लोकार्पण समारोह में

ग्वालियर। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वर्तमान में ग्वालियर के विकास का स्वर्णिम काल चल रहा है। ग्वालियर की विशिष्ट परंपराएँ, विरासत व जीवन मूल्य अद्वितीय हैं। हमारा प्रयास है कि विकास की दौड़ में ग्वालियर हमेशा नंबर वन बना रहे। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंगलवार को ग्वालियर में आयोजित हुए विकास कार्यों के लोकार्पण समारोह को वर्चुअल रूप से संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 74 करोड़ 95 लाख रूपए लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इन कार्यों में नवीन जिला पंचायत भवन, नवीन राजस्व भवन और वीर सावरकर सरोवर (कटोराताल) का जीर्णोद्धार व म्यूजिकल फाउण्टेन शामिल हैं। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने लोकार्पण समारोह की वर्चुअली अध्यक्षता की। ग्वालियर में कलेक्ट्रेट ड्क सिरोल मार्ग पर नवनिर्मित जिला पंचायत भवन परिसर में आयोजित हुए समारोह में केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह, जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव, लघु उद्योग विकास निगम की अध्यक्ष श्रीमती इमरती देवी, बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल, जिला पंचायत प्रशासकीय समिति के उपाध्यक्ष श्री शांतिशरण गौतम व जिला पंचायत के अन्य सदस्यगण, पूर्व विधायक श्री रामबरन सिंह गुर्जर व श्री मदन कुशवाह तथा सर्वश्री वेदप्रकाश शर्मा व अशोक शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगणों की गरिमामय उपस्थिति में विकास कार्यों का लोकार्पण हुआ। प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत एवं सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर भी वर्चुअल रूप से इस कार्यक्रम में शामिल हुए।






मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकार्पण समारोह को वर्चुअल संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर व श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित हम सभी ग्वालियर के विकास के लिए लगातार प्रयत्नशील हैं। ग्वालियर लगातार आगे बड़ेगा। विकास के किसी भी क्षेत्र में हम ग्वालियर को पीछे नहीं रहने देंगे। उन्होंने कहा ग्वालियर में नए जिला पंचायत भवन के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। इसी तरह सर्वसुविधायुक्त नया राजस्व भवन (संयुक्त कार्यालय भवन) बनने से यहाँ पर राजस्व मण्डल, आयुक्त भू-अभिलेख और संभाग आयुक्त कार्यालय संचालित होंगे। इससे जनता को आसानी से सेवायें मिल सकेंगीं। श्री चौहान ने कहा कि वीर सावरकर सरोवर के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण से ग्वालियर के पर्यटन को बड़ावा मिलेगा। यहाँ पर ग्वालियर की समृद्ध सांगीतिक विरासत पर केन्द्रित म्यूजिकल फाउण्टेन भी लगाया गया है। उन्होंने कहा खुशी की बात है कि वीर सावरकर सरोवर में लेजर शो भी प्रस्तावित है, जिससे ग्वालियर के पुरातन और ऐतिहासिक वैभव के साथ नूतन ग्वालियर की झलक दिखाई देगी।

### हर गाँव व शहर में गौरव दिवस मनायेंगे : मुख्यमंत्री श्री चौहान

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इस अवसर पर यह भी कहा कि प्रदेश के हर गाँव व शहर में गौरव दिवस मनायेंगे। साथ ही शहर की तर्ज पर ग्रामीण अंचल के सुनियोजित विकास के लिये हर गाँव का मास्टर प्लान तैयार कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि गाँवों के विकास के लिये धन की कमी नहीं बल्कि धन का बेहतर उपयोग करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि जिला प्रशासन क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में इस ओर ध्यान दे।

### ग्वालियर की प्रगति में अहम भूमिका निभायेंगे विकास के नए आयाम : केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने लोकार्पण समारोह को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि ग्वालियर के विकास में आज जो तीन नए आयाम जुड़े हैं वे ग्वालियर की प्रगति और सौंदर्यीकरण में अहम भूमिका निभायेंगे। उन्होंने नए जिला पंचायत भवन की बधाई देते हुए कहा कि जितने समृद्ध हमारे गाँव होंगे, उतना ही समृद्ध भारत होगा। श्री तोमर ने कहा पंचायतराज संस्थायें लोकतंत्र को चरितार्थ करती हैं। संसदीय लोकतंत्र भी इन्हीं संस्थाओं की बुनियाद पर खड़ा है। भारत सरकार पंचायतराज संस्थाओं को मजबूती देने के लिये कटिबद्ध है। नई सरकार के गठन के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ग्राम पंचायतों को दिए जाने वाले बजट को 65 हजार करोड़ रूपए से बड़ाकर 2 लाख 292 करोड़ रूपए किया था। केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने इस अवसर पर यह भी कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से ग्रामीण जन जीवन में बड़ा बदलाव आया है। इसी तरह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण अंचल के हर घर में नल से जल पहुँचाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर आह्वान किया कि हम सब केवल नई संरचनायें बनाने तक ही सीमित न रहकर उनके रख-रखाव पर भी ध्यान दें, जिससे दीर्घकाल तक इन संरचनाओं का लाभ हम सबको मिल सके। साथ ही कहा कि ग्वालियर में समृद्धता आई है। ग्वालियर की अपनी विरासत, अधोसंरचना, शिक्षा, साहित्य व संगीत है। हम सभी को इस पर गौरव महसूस करना चाहिए। तभी हम ग्वालियर के विकास को और तेज गति से आगे बड़ा सकेंगे।

### ग्वालियर के सुनियोजित विकास के लिए केन्द्र व राज्य सरकार कृत संकल्पित केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस अवसर पर कहा कि ग्वालियर के सुनियेजित विकास के लिये केन्द्र एवं राज्य सरकार कृत संकल्पित है। इसी कड़ी में समृद्धशाली ग्वालियर की परिकल्पना को मूर्तरूप देने की कड़ी में शहर में तीन नए आयाम जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक के साथ जिला पंचायत भवन और संयुक्त कार्यालय भवन का निर्माण किया गया है। जिला पंचायत भवन में वाटर हार्वेस्टिंग व सोलर यूनिट भी बनाई गई हैं। श्री सिंधिया ने कहा कि संगीत सम्राट तानसेन की नगरी में वीर सावरकर सरोवर में म्यूजिकल फाउण्टेन लगाया गया है। इस फाउण्टेन के जरिए विकसित देशों की तरह सतरंगी रोशनी के बीच संगीत की छटा बिखरेगी जो पर्यटकों के लिये विशेष आकर्षण का केन्द्र होगी।

### राज्य मंत्री श्री भारत सिंह एवं सांसद श्री शेजवलकर ने भी विचार व्यक्त किए

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने भी कार्यक्रम में अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि ग्वालियर को मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज तीन बड़े विकास कार्यों की सौगात दी है। जिला पंचायत भवन के माध्यम से ग्रामीण अंचल के विकास में तेजी आयेगी। सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि ग्वालियर के विकास में आजादी के बाद आज बड़ी स्वर्णिम कड़ी जुड़ी है। बड़े-बड़े शासकीय कार्यालय अब स्वनिर्मित भवन में संचालित होंगे। इसी तरह ऐतिहासिक सावरकर सरोवर का स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण हुआ है। यह स्थल ग्वालियर के एक बड़े पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित होगा। स्वागत उदबोधन जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव ने दिया। लोकार्पण समारोह में संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, पुलिस महानिरीक्षक श्री अनिल शर्मा, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी एवं स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती जयति सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### छत गिरने से मृत स्व. ऊषा के परिजन को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता मंजूर

ग्वालियर। मकान की छत अचानक गिर जाने से मृत स्व. ऊषा शाक्य के पति के लिये 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ग्वालियर सिटी श्री प्रदीप सिंह तोमर द्वारा यह सहायता मंजूर की गई है। कृष्णा नगर पहा?ी मोतीझील ग्वालियर निवासी श्री राकेश शाक्य के घर की छत गत 26 जनवरी की रात्रि अचानक गिर गई थी। छत के नीचे दबने से उनकी पत्नी ऊषा की मृत्यु हो गई थी। नायब तहसीलदार पुरानी छावनी द्वारा राज्य शासन के प्रावधानों के तहत आर्थिक सहायता का प्रकरण तैयार कर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी ग्वालियर को प्रस्तुत किया गया था। अनुविभागीय अधिकारी ग्वालियर सिटी ने प्रकरण के परीक्षण के उपरांत राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों के अनुसार 4 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

### निगम मुख्यालय एवं जनमित्र केन्द्रों पर आयोजित हुई जनसुनवाई

ग्वालियर। आमजनों की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जनसुनवाई के तहत आज नगर निगम ग्वालियर में अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता ने आमजनों की समस्याएं सुनी तथा उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई के दौरान सहायक आयुक्त सुश्री मिनी अग्रवाल, उपायुक्त श्री एपीएस भदौरिया, डा प्रदीप श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान पेयजल, सडक, सीवर एवं अतिक्रमण एवं भवन निर्माण अनुमति से संबंधित लगभग 51 आवेदन प्राप्त हुए।

## पंचकल्याणक महोत्सव के चौथे दिन बारात, वैराग्य और दीक्षा का हुआ आयोजन





### पंचकल्याणक में युवाराज आदिकुमार का राज्यतिलक के साथ बारात निकाली सज्जे तोरणद्वार, वैराग्या के देखकर भावुक हुए, हुई दीक्षा

ग्वालियर। फूलबाग मैदान अयोध्य नगरी में राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज, मुनिश्री विजयेश सागर महाराज मुनिश्री विनिबोध सागर, व ऐलकश्री विनियोग सागर महाराज के सानिध्य में जिनबिम्ब प्रतिष्ठा एवं विश्व शांति महायज्ञ चल रहा है। महोत्सव के चौथे दिन मंगलवार को दीक्षा कल्याण में सुबह नित्य पूजा, मुनिश्री के मंगल प्रवचन, पश्चात आदिकुमार का विवाह, राज्यतिलक नीलाजंना एवं वैराग्य एवं दीक्षा संस्कार कार्यक्रम हुए।

**सिंधिया के अंदर तीन गुण है-मुनिश्री**

मै जन्म से नही कर्म से जैन नागरिक हूं-सिंधिया

राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने कहा कि सिंधिया जी के अंदर तीन गुण है, धर्म, सहज और धर्य है जो उन्हें हर क्षेत्र में सफलता दिलाती है। श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी ने कहा कि संतो के चरणों मे नमन करना मेरा परम कर्तव्य है। में जन्म भले ही जैन परिवार में नही हुआ। लेकिन में खुद को कर्म से जैन नागरिक मानता हूं। में जैन धर्म पर चलता जरूर हूं। मैं राजनीति नही पर समाज की सेवा जरूर करता रहूं ऐसा में यही आशीर्वाद जैन महाराजश्री व संतो से हमेशा चाहूंगा।

**मुनिश्री से श्रीमंत सिंधिया ने आशिवाद लिया, सिंधिया ने उपाधि दी, समिति ने किया सम्मानित किया**

आयोजन के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि महोत्सव में मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ प्रभारी मंत्री तुलसी सिलवट, मंत्री भरतसिंह कुशवाहा, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्नसिंह तोमर, बीज निगम अध्यक्ष मुन्नलाल गोयल सहित विधायक डॉ सतीश सिकरवार ने मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ससंघ के चरणों में श्रीफल भेटकर अर्शीवाद लिया। वही मुनिश्री के सानिध्य में श्रीमत सिंधिया ने अनिल दीपिका जैन परिवार को सिंघई की उपाधि से नवाज गया।श्रीमत सिंधिया का सम्मान आयोजन समिति के डॉ वीरेंद्र गंगवाल, अजित वरैया, अध्यक्ष सिघई महेश गुरु, महामंत्री पवन जैन, दिनेश जैन नेता, संयुक्ता अध्यक्ष विकास गंगवाल, महामंत्री पवन जैन, स्वागतध्यक्ष विमल जैन, विनय कासलीवाल, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र जैन पंकज जैन ने मालाओं और टुपट उडकार स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया।

## किसान अपनी आमदनी बढ़ाने के लिये बागवानी अपनाएँ

### उद्यानिकी विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत दिया जाता है अनुदान

ग्वालियर। पारंपरिक खेती के साथ-साथ बागवानी फसलों को अपनाकर किसान अपनी आमदनी ब?ा सकते हैं। बागवानी विकास के लिए उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत किसानों को ब?ा अनुदान दिया जाता है। कृषकगण खासतौर पर फल पौधरोपण, सब्जी क्षेत्र विस्तार, मसाला क्षेत्र विस्तार व पुष्प क्षेत्र विस्तार योजनाओं के तहत बागवानी अपना सकते हैं। साथ ही विभाग की यंत्रीकरण योजना के तहत अनुदान पर कृषि उपकरण और संरक्षित खेती व मधुमक्खी पालन के लिये भी अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। किसान भाई उद्यानिकी विभाग के कार्यालय में संपर्क कर इन योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

**फल पौधरोपण योजना**

उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित फल पौध रोपण योजना के तहत आम, संतरा, नींबू, अमरूद, केला, पपीता, सीताफल, अनार, कटहल इत्यादि फलदार पौधों के बगीचे लगाने के लिये अनुदान दिया जाता है। योजना के तहत इकाई लागत का 40 प्रतिशत अनुदान देने का प्रावधान है।

**सब्जी क्षेत्र विस्तार योजना**

सब्जी क्षेत्र विस्तार योजना के तहत बीज वाली फसलों पर 10 हजार से लेकर 14 हजार रूपए तक का अनुदान उद्यानिकी विभाग द्वारा दिया जाता है। इसी तरह कंद वाली फसलों मसलन शकरकंद, अरबी व आलू की खेती पर योजना के तहत 30 हजार से लेकर 42 हजार रूपए तक अनुदान प्रति हैक्टेयर देने का प्रावधान है।

**मसाला क्षेत्र विस्तार योजना**

मसाला क्षेत्र विस्तार योजना के अंतर्गत बीज वाले मसालों की खेती पर 10 हजार से 14 हजार रूपए तक अनुदान मिलता है। इसी प्रकार हल्दी व अदरक की खेती पर 50 हजार से लेकर 70 हजार रूपए तक का अनुदान किसान भाई प्रति हैक्टेयर के लिये ले सकते हैं।

**पुष्प क्षेत्र विकास योजना**

विभिन्न प्रकार के फूलों की खेती करने के लिये पुष्प क्षेत्र विकास योजना के तहत उद्यानिकी विभाग किसानों को अनुदान देता है। फूलों की खेती पर इकाई लागत का 25 से 40 प्रतिशत का अनुदान दिया जाता है। इसी प्रकार औषधीय फसलों की खेती करने पर 30 से 70 प्रतिशत अनुदान प्राप्त किया जा सकता है।

**यंत्रीकरण योजना**

उद्यानिकी विभाग द्वारा यंत्रीकरण योजना के तहत 20 हॉर्स पॉवर तक के ट्रेक्टर से चलने वाले विभिन्न प्रकार के स्प्रेयर पंप के लिये अनुदान दिया जाता है। छोटे वाले स्प्रेयर पंप, लहसुन, आलू व प्याज खोदने व लगाने की मशीनें इत्यादि पर यंत्र लागत का 40 से 50 प्रतिशत तक अनुदान किसानों को दिया जाता है।

**संरक्षित खेती**

किसानों को संरक्षित खेती अर्थात सुरक्षित वातावरण में खेती करने के लिये भी अनुदान दिया जाता है। इसके तहत पॉली हाउस एवं नेट हाउस के अंदर खेती करने वाले किसानों को निर्धारित इकाई लागत का 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है।




## शहीद नरेन्द्र सिंह की प्रतिमा हमेशा हमें देगी देश भक्ति की प्रेरणा - केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया

### केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने किया शहीद नायब सूबेदार नरेन्द्र सिंह राणा की प्रतिमा का अनावरण

ग्वालियर। शहीद सूबेदार नरेन्द्र सिंह राणा की प्रतिमा का अनावरण आज मंगलवार को प्रातः 10 बजे हुरावली चौराहा मुरार पर केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह, विधायक ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र श्री सतीश सिंह सिकरवार, अध्यक्ष, मप्र राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम, (केबिनेट मंत्री दर्जा) श्री मुन्नालाल गोयल, पूर्व मंत्री श्रीमती माया सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, वरिष्ठ नेता श्री वेद प्रकाश शर्मा, पूर्व विधायक श्री मदन कुशवाहा, पूर्व पार्षद श्री धर्मेंद्र सिंह राणा, पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता, श्री सुधीर गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



उल्लेखनीय है कि नगर निगम ग्वालियर द्वारा 8 लाख 31 हजार रुपए की लागत से नायब सूबेदार शहीद नरेन्द्र सिंह राणा की 6 फुट ऊंची आदमकद प्रतिमा ब्रांज मेटल से तैयार की गई है। प्रतिमा का निर्माण मूर्तिकार श्री दिनेश प्रजापति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहीं नायब सूबेदार शहीद नरेंद्र सिंह राणा की धर्म पत्नी श्रीमती यशोदा देवी का अतिथियों द्वारा शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। अतिथियों का स्वागत नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा किया गया।

प्रतिमा के अनावरण अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि शहीद नरेंद्र सिंह की प्रतिमा केवल मेटल की प्रतिमा नहीं है, बल्कि यह हम सभी को देशभक्ति की प्रेरणा देने वाला व्यक्तित्व है। उन्होंने कहा कि शहीद नरेंद्र सिंह ने कारगिल के युद्ध में अपना जीवन भारत माता की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। केन्द्र एवं राज्य की सरकार हमेशा उनके परिवार के साथ ही और देश के लिए अपनी जान देने वाले प्रत्येक शहीद के मान सम्मान के लिए हमेशा तैयार है।

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया को जिलाध्यक्ष एवं समर्पण निधि के प्रभारी ने दी एक लाख रूपए की निधि पुस्तिकांए



ग्वाल्यिर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेशस्तर पर समर्पण निधि जमा करने का अभियान चला रही है। ग्वाल्यिर जिले की महानगर इकाई को चार करोड़ की समर्पण निधि का लक्ष्य मिला है। इसी तारतम्य में मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी एवं समर्पण निधि अभियान के प्रभारी श्री रामेश्वर भदौरिया ने केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी को एक लाख रूपए की निधि पुस्तिकाएं दी।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478